* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 327

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मुंबई के 'लालबागच्या राजा' का 90वां साल, श्रद्धालुओं को मिले इस साल की गणेश प्रतिमा के प्रथम दर्शन











## भारतीय वायु सेना की बढ़ेगी ताकत

# 12 सुखोई की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना (आइएएफ) के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआइ की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारत में निर्मित किया जायेगा। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 11,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना में विमान और संबंधित ग्राउंड सिस्टम शामिल होंगे। विमान में आवश्यकता के अनुसार 60 स्वदेशी से अधिक स्वदेशी सामग्री शामिल होगी। उन्होंने बताया कि ये भारतीय वायु सेना के सबसे आधुनिक सुखोई-30 एमकेआइ विमान होंगे, जो कई भारतीय हथियारों और सेंसर से लैस होंगे।

**इसलिए खास है एसयू-30 एमकेआइ :** एसयू-30 एमकेआइ भारतीय वायुसेना में सबसे ताकतवर विमान माना जाता है। भारतीय वायुसेना के पास 272 सक्रिय एसयू-30 एमकेआइ हैं। इस विमान में दो इंजन हैं और दो चालकों के बैठने की जगह है। इनमें से कुछ विमान को सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस को लॉन्च करने के लिए भी अपग्रेड किया गया है।

सुखोई विमान 3,000 किलोमीटर तक हमला कर सकता है, जबकि इसकी क्रूज रेंज 3,200 किलोमीटर तक है और कॉम्बेट रेडियस 1,500 किलोमीटर है। वजन में भारी होने के बावजूद यह लड़ाकू विमान अपनी तेज गति के लिए जाना जाता है। यह विमान आकाश में 2,100 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से फर्राटा भर सकता है।



### नौसेना के लिए जहाजों की खरीद को भी मंजूरी

मंत्रालय ने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने भारतीय नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दे दी है, जो हाइड्रोग्राफिक संचालन करने में इसकी क्षमताओं को काफी बढ़ायेगा।

डीएसी ने भारतीय वायु सेना के प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति भी प्रदान की है, जिसमें संचालन के लिए सटीकता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए डोर्नियर विमान का एवियोनिक उन्नयन (अपग्रेडेशन) शामिल है। स्वदेशी रूप से निर्मित एएलएच एमके-4 हेलीकॉप्टरों के लिए एक शक्तिशाली स्वदेशी सटीक निर्देशित हथियार के रूप में ध्रुवास्त्र शॉर्ट रेंज एयर-टू-सरफेस मिसाइल की खरीद को डीएसी द्वारा मंजूरी दे दी गयी है।

## यूएइ ने पीओके को भारत का हिस्सा दिखाया

- इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का मैप जारी किया

**दुबई (एजेंसी)।** जी20 समिट के खत्म होने के बाद यूएइ के उप प्रधानमंत्री सैफ बिन जायद अल नाहयान ने शिखर सम्मेलन का एक वीडियो शेयर किया। इसमें इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आइएमइसी) से जुड़ा एक मैप नजर आ रहा है। इस मैप में यूएइ ने पीओके को भारत का हिस्सा दिखाया है। इस वीडियो में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन यूएइ की तारीफ कर रहे हैं। वो कहते हैं कि यूएइ नहीं होता तो शायद आज हम आइएमइसी प्रोजेक्ट के मामले में यहां तक नहीं पहुंच पाते। ये डिप्लोमैटिक कदम भारत के साथ यूएइ के मजबूत रिश्ते दिखाता है। साथ ही ये भारत की क्षेत्रीय अखंडता को भी मजबूत करता है। इससे पहले मार्च में दुबई के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर एम्मार समूह ने श्रीनगर में एक मॉल प्रोजेक्ट की नींव रखी थी। 10 लाख स्क्वायर फीट में बन रहा ये मॉल कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद पहला बड़ा विदेशी प्रोजेक्ट है।




### भारत के खिलाफ कश्मीर पर बोलने से बचता है यूएइ

यूएइ उन अरब देशों में से एक है, जो पाकिस्तान के नजदीकी हैं। उनकी दोस्ती का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को यूएइ ने भंडार बढ़ाने के लिए 1 अरब अमेरिकी डॉलर की मदद की थी। ये पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी यूएइ पाकिस्तान को कर्ज देकर मदद कर चुका है। हालांकि पाकिस्तान से अच्छे संबंध होने के बावजूद यूएइ कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ कोई भी बयान देने से बचता है। 2019 में जब भारत ने कश्मीर को विशेषाधिकार देने वाले आर्टिकल 370 को खत्म किया था, तो यूएइ ने इसे भारत का आंतरिक मसला बताया था, जबकि पाकिस्तान भारत के इस एक्शन पर अरब देशों से कड़ी प्रतिक्रिया की उम्मीद कर रहा था।

## पीएम मोदी का जलवा बरकरार

# अप्रूवल रेटिंग में नंबर वन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी20 शिखर सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता के बाद ग्लोबल स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा बरकरार है। ग्लोबल अप्रूवल रेटिंग के मामले में पीएम मोदी लंबे समय से दुनिया के नंबर वन नेता बने हुए हैं। 76 परसेंट अप्रूवल रेटिंग के साथ पीएम मोदी पहले स्थान पर हैं। अमेरिका स्थित कंसल्टिंग फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वे के अनुसार ये डाटा 6 से 12 सितंबर 2023 तक का है। इस रेटिंग में 100 फीसदी लोगों में से पांच फीसदी लोगों ने पीएम मोदी के बारे में कोई राय जाहिर नहीं की है। वहीं 18 फीसदी लोगों ने डिसअप्रूवल यानी नामंजूर किया है। कुल मिला कर पीएम मोदी 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद बने हैं। दूसरे नंबर पर 64 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ स्विस राष्ट्रपति एलेन बेर्सेट हैं। इसके अलावा, तीसरे नंबर पर मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर हैं। मैक्सिको के राष्ट्रपति की रेटिंग 61 फीसदी है। सर्वे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सातवें और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 15वें नंबर पर हैं। दुनिया के अन्य बड़े नेताओं में चौथे नंबर पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डिसल्वा हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को पांचवां पायदान मिला है। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी 42 फीसदी की अप्रूवल रेटिंग के साथ छठे नंबर पर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ये ताजा अप्रूवल रेटिंग 6-12 सितंबर, 2023 तक एकत्र किये गये आंकड़ों पर आधारित है।

### 22 देशों के प्रमुखों की पॉपुलैरिटी का आकलन

ग्लोबल डिसीजन इंटेसिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की ये अप्रूवल रेटिंग्स छह से 12 सितंबर के बीच जुटाये गये डेटा के आधार पर तैयार की गयी है। सर्वे में हर देश के उन वयस्कों से राय ली गयी है, जो हफ्ते में सातों दिन औसतन ट्रैवेल करते हैं। हालांकि मुल्क का सैंपल साइज अलग-अलग है। कंसल्ट ने इस दौरान 22 मुल्कों के प्रमुखों की पॉपुलैरिटी का आकलन करने का प्रयास किया, जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, इग्लैंड, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देश के लीडर्स हैं। वैसे रोचक बात यह है कि छह महीने पहले फरवरी में भी मॉर्निंग कंसल्ट की ऐसी री रिपोर्ट आयी थी, जिसमें टॉप पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे। उनकी रेटिंग 78 फीसदी थी।

## न्यूज रील्स

### अनंतनाग में एक और जवान शहीद

अनंतनाग। कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से घायल जवान की भी मौत हो गयी है। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को चार किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जायेगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है।

### पृथ्वी के इलेक्ट्रॉन चांद पर बना रहे पानी

वॉशिंगटन। चंद्रयान-1 के डेटा की स्टडी कर रहे अमेरिका की हवाई यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने दावा किया है कि पृथ्वी के हाई एनर्जी इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे हैं। ये इलेक्ट्रॉन पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में हैं, जो मौसमी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार है, यानी इनके होने से ही पृथ्वी के मौसम में बदलाव होता है। साइंटिस्ट्स का दावा है कि ये इलेक्ट्रॉन चांद पर मौजूद चट्टानों और खनिजों को तोड़ या घोल रहे हैं। इससे चांद के मौसम में भी बदलाव आ रहा है।

### फ्रांस में आईफोन-12 की बिक्री बैन

नयी दिल्ली। लिमिट से ज्यादा रेडिएशन के चलते फ्रांस में सरकार ने आईफोन-12 की सेल पर बैन लगा दिया है। इस पर अमेरिकी टेक कंपनी एपल ने एक सॉफ्टवेयर अपडेट लाने का वादा किया है। उसका दावा है कि इससे एक्सेस रेडिएशन की समस्या ठीक हो जायेगी। फ्रांस ने इस फैसले का स्वागत किया है। उधर, एपल को भी उम्मीद है कि सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद फ्रांस ये बैन हटा लेगा। फ्रांस ने दावा किया है कि आईफोन-12 मॉडल यूरोपियन यूनियन के स्टैंडर्ड से ज्यादा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन का एमिशन करता है।

## चतरा में सनकी पति ने पार की सारी हैवानियत

# पत्नी को किया आग के हवाले

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले में सनकी पति की हैवानियत का मामला प्रकाश में आया है। इटखोरी थाना क्षेत्र के पितिज गांव में पत्नी और घरवालों से हुए विवाद के बाद सनकी ने पत्नी के ऊपर केरोसिन छिड़क कर आग लगा दी। पति की इस हैवानियत से पत्नी सविता देवी की मौके पर ही झुलस कर मौत हो गयी। वहीं बहू को आग में जलता देख बचाने गयी सास भी पूरी तरह झुलस गयी।

**पति फरार :** घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति कुलदीप दांगी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना जैसे ही गांव के लोगों को मिली, तो मौके पर ग्रामीणों ने पहुंच कर आग में झुलसी सास को बचाने का प्रयास किया। उन्हें गंभीर हालत में चतरा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया है।



### पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर दल-बल के साथ पहुंचे इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है। पुलिस फरार पति को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

### विवाहिता के पिता बोले : पीटता था पति

मामले को लेकर विवाहिता के पिता परमेश्वर दांगी ने बताया कि उसका दामाद कुलदीप दांगी उसकी बेटी के साथ हमेशा मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता रहता था, जिसे लेकर कई बार गांव में पंचायत कर समझौता भी करवाया गया था। उसके बाद भी उसकी आदत में सुधार नहीं हुआ।

## स्कॉर्पियो पर बम मारा, पांच घायल

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज में अपराधियों ने स्कॉर्पियो पर बमबाजी की है। इसमें गाड़ी में बैठे पांच लोग लहूलुहान हो गये। वहीं गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के बाद ड्राइवर ने किसी तरह सूझबूझ से गाड़ी को भगाया। हालांकि, अपराधियों ने बाइक से कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया, लेकिन ड्राइवर ने गाड़ी को पुलिस थाने में घुसा दिया। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। घटना शुक्रवार राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के एनएच 80 पर मसकलैया बस्ती के पास की है।जानकारी के मुताबिक मसकलैया बस्ती के पास एनएच 80 पर बीच सड़क पर यह घटना घटी है। बम फटने से गाड़ी के अंदर बैठे लोग बुरी तरह से घायल हो गये। ड्राइवर ने अपनी सूझबूझ से वाहन को तेजी से घुमाते हुए राजमहल थाना में घुसा दिया, जहां राजमहल अनुमंडल पुलिस ने सभी घायलों को राजमहल अस्पताल में भर्ती कराया। इसमें घायल दो लोग ड्राइवर सुभाष पासवान और घायल सुबेश मंडल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया है।

# सीएम की याचिका पर सुनवाई अब 18 को

## इडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गये हैं हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन के खिलाफ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई 18 सितंबर को है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी की पीठ में इस याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई 18 को करेगा।



### सीएम ने किया कोर्ट से सुनवाई टालने का आग्रह

हेमंत सोरेन ने इस सुनवाई को टालने का आग्रह किया था। उन्होंने अपने लिखित आवेदन में बताया है कि उनके वकील की अभी तबीयत ठीक नहीं है। उनके वकील मुकुल रोहतगी खराब तबीयत की वजह से 15 सितंबर को निर्धारित सुनवाई में उपस्थित नहीं हो पायेंगे। उन्होंने कोर्ट से अपील की थी कि सुनवाई के लिए कोई दूसरी तारीख दी जाये। संभवतया सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन के वकील की अनुपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अगली तारीख दी है। ध्यान रहे कि हेमंत सोरेन ने जमीन खरीद बिक्री मामले में इडी द्वारा जारी समन के के खिलाफ कानूनी रास्ता अपनाया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 74,500 रु./प्रति किलो



# बहुत हुआ आतंकियों का आतंक, अब घुस कर मारने की बारी

## देश का सवाल: आखिर कब तक आतंक की आग में जलता रहेगा कश्मीर

## आतंक का सफाया कैसे होता है, भारत बने मिसाल

**जम्मू और कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दो अलग-अलग मुठभेड़ों में भारतीय सेना के एक कर्नल, एक मेजर, एक जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डिप्टी एसपी की शहादत हुई है। अनंतनाग के कोकरनाग इलाके में हुई इन मुठभेड़ों में दी गयी शहादत के बाद से पूरे देश में गम और गुस्सा है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर भारत इस तरह की कायराना हरकतों को कब तक बर्दाश्त करता रहेगा। क्या भारत आतंक की हिंसा में जल रहे कश्मीर में निर्णायक कदम नहीं उठा सकता है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा क्यों नहीं हो पा रहा है। लोग कह रहे हैं कि बहुत हुआ कश्मीर में आतंकियों का आतंक अब घुस कर मारने की बारी है। देश में इतनी मजबूत सरकार होने के बावजूद, नरेंद्र मोदी जैसा बेखौफ पीएम होने के बावजूद, अमित शाह जैसा दमदार गृह मंत्री होने के बावजूद और तो और जनता का पूरा समर्थन होने के बावजूद अगर अब कश्मीर से आतंकवाद का सफाया नहीं होगा, तो कब होगा। धारा 370 तो हटी, लेकिन कश्मीर से आतंकवादियों का सफाया बहुत जरूरी हो गया है। आखिर कब तक हमारे जवान पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हांथों मारे जायेंगे। क्यों नहीं एक बार खुल कर आमना-सामना हो जाये। पूरी दुनिया जानती है कि कश्मीर में आतंकवाद को कौन संरक्षण दे रहा है। पुलवामा और उरी हमले के बाद भारत ने जो जवाबी कार्रवाई की थी, वैसी कार्रवाई की अब जरूरत महसूस की जाने लगी है। अब सब कुछ केंद्र सरकार के हाथों में है। दुनिया भर में भारत की जो मजबूत छवि बनी है, उस पर कश्मीर में हो रही घटनाएं बदनुमा दाग हैं और इन दागों को तत्काल मिटाना जरूरी है। इसके लिए पूरा देश एकजुट होकर अपनी सरकार के पीछे खड़ा है। कश्मीर पर अब निर्णायक कदम उठाने का समय आ गया है, क्योंकि आतंक पर काबू पाये बिना देश तरक्की के रास्ते पर आगे नहीं बढ़ सकता है। इसलिए कश्मीर में अब हर हाल में शांति जरूरी है। कश्मीर में हुई आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि में भारत के सामने पैदा इस चुनौती के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

### कर्नल, मेजर, डीएसपी समेत चार शहीद

जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में आतंकियों से हुई दो मुठभेड़ों में सेना के कर्नल और मेजर समेत कुल तीन कर्मी शहीद हो गये, जबकि एक डीएसपी को भी शहादत देनी पड़ी। 13 सितंबर को अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक और कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट की काफी प्रेरणादायक वीरगाथा है। कोई उस यूनिट का हिस्सा रहा, जिसने बुरहान वानी का अंत किया, तो एक को बीते साल सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। बताया जा रहा है कि 12 और 13 सितंबर को ऐसे इनपुट मिले थे कि अनंतनाग में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। उस इनपुट के आधार पर ही सेना और पुलिस दोनों जमीन पर सक्रिय हो गयी और उनकी तरफ से एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। जिस समय तलाशी अभियान चलाया गया, कुछ आतंकियों ने अचानक से फायरिंग कर दी और उस गोलीबारी में कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और जम्मू कश्मीर पुलिस के डिप्टी एसपी हुमायूं भट गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन खून इतना बह चुका था कि तीनों में से किसी भी वीर सपूत को नहीं बचाया जा सका।

### बौखला गये हैं आतंकी

जी-20 देशों के प्रतिनिधियों के कश्मीर दौरा करने और वहां सफलतापूर्वक बैठक आयोजित करने के बाद विदेशी ताकतों के इशारे पर कश्मीर में आतंकवाद की आग दहकाने की साजिश की जा रही है। शांति की ओर लौट रहे कश्मीर में पिछले तीन साल में यह सबसे बड़ा हमला है, जिसमें इतने बड़े अफसरों की शहादत हुई है। इससे पहले कश्मीर के हंदवाड़ा में 30 मार्च 2020 को 18 घंटे चले हमले में कर्नल, मेजर और सब-इंस्पेक्टर समेत पांच अफसर शहीद हुए थे। इस साल अब तक राजौरी-पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने 26 आतंकियों को मार गिराया है। 10 सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुए हैं। सुरक्षा बलों ने 9 अगस्त को छह आतंकी पकड़ लिये थे। इसके अलावा कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना ने संयुक्त अभियान के दौरान 15 अगस्त से पहले छह आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से गोला-बारूद और हथियार बरामद किये गये थे। पहला मामला 9 अगस्त की रात का है,



जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गये। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत तीन लोग घायल हुए। दूसरा मामला बारामुला के उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के तीन आतंकी पकड़े। इनके खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस साल जनवरी से अब तक जम्मू-कश्मीर में 40 आतंकी मारे गये हैं। इनमें आठ ही स्थानीय थे और बाकी सभी विदेशी थे। कश्मीर में जहां 2021 में 129 आतंकवादी घटनाएं और 34 घुसपैठ हुई थीं, वहीं 2022 में इनकी संख्या 125 और 14 थी। 2023 में 30 जून तक 26 आतंकवादी घटनाएं हुई थीं, जबकि घुसपैठ की एक भी घटना नहीं हुई थी। 2021 में आतंकवादी घटनाओं में 41 नागरिक और 42 सुरक्षाकर्मी मारे गये थे। 2022 में 30 नागरिक और 31 सुरक्षाकर्मी मारे गये थे। 2023 में अभी तक कम से कम सात नागरिक और चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो चुकी है।

### सैन्य मूवमेंट का वीडियो पाकिस्तान भेज रहे हाइटेक मुखौटे

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय, पाकिस्तान के आतंकी संगठनों ने सैन्य मूवमेंट की जानकारी हासिल करने के लिए अपने हाइटेक मुखौटे तैयार कर रखे हैं। ये ऐसे मुखौटे हैं, जिन पर किसी को शक नहीं होता। ये लोग सड़क पर बैठे रहते हैं। वहां से जैसे ही सेना या अर्धसैनिक बलों के वाहन गुजरते हैं, तो वे उसका वीडिया बना लेते हैं। इस वीडियो को डार्क वेब, वर्चुअल प्राइवेट




नेटवर्किंग और एन्क्रिप्टेड मैसेंजर सेवाएं, मसलन सिग्नल आदि के माध्यम से पाकिस्तान के नंबर पर भेज देते हैं। इन मुखौटों को ओवर ग्राउंड वर्कर कहा जाता है। इनके द्वारा भेजी गयी सूचना या वीडियो के आधार पर ही पाकिस्तान में आइएसआइ की टेरर विंग के एक्सपर्ट, जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकियों को यह बताते हैं कि उन्हें किस तरह से ऑपरेशन को अंजाम देना है। जब कहीं पर कोई बड़ा ऑपरेशन शुरू होता है तो सड़क पर मौजूद हाइटेक मुखौटों के बीच की दूरी कम होती चली जाती है। यानी दस किलोमीटर पहले कोई मुखौटा है तो उसके बाद तीन या चार किलोमीटर पर दूसरा मुखौटा बैठा रहता है। सैन्य दस्ता, जहां से अपने वाहन छोड़ कर पैदल चलना शुरू करते हैं, वहां तक की जानकारी जुटायीजाती है।

### आखिर कब तक जवानों का खून बहेगा

सवाल उठ रहा है कि आखिर देश के जवानों को कब तक पाक समर्थित आतंक का सामना करते हुए खून बहाना पड़ेगा। तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर कूटनीति के जरिये विश्व गुरु बनने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे भारत के सत्ताधारियों को दृढ़ता और गंभीरता से विचार करना होगा कि आखिर क्या वजह है कि देश पिछले 75 साल से पाकिस्तान द्वारा किये जा रहे छद्म युद्ध को झेल रहा है। इस समय पूरे देशभर से इस तरह की मांग की जा रही है कि अब समय आ गया है, जब कश्मीर की शांति भंग करने के लिए पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया जाये। पाकिस्तान को उचित जवाब दिये बिना इस आतंकवाद पर नियंत्रण पाना काफी मुश्किल काम है। आखिर हमारे जवानों का खून इस तरह फिजूल में कब तक बहता रहेगा। यह भारत के सब्र की अति हो चुकी है। भारत की सहनशीलता का फायदा पड़ोसी मुल्क भारत में अस्थिरता फैलाने के लिए इस्तेमाल करता रहा है। चीन और पाकिस्तान भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन और उसमें अमेरिका और भारत समेत आठ देशों का आर्थिक गलियारा बनाने के फैसले के बाद काफी परेशान हुए हैं।

वास्तव में भारत का अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ता कद पड़ोसी दुश्मन देशों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस सबको देखते हुए काफी संभावना है कि भारत में अस्थिरता फैलाने के लिए जम्मू कश्मीर और खालिस्तान के नाम पर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश की जायेगी। इसके प्रति सचेत होकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करने की जरूरत है। वहीं पड़ोसी मुल्क को सख्त संदेश देने की जरूरत है। यह संदेश सैन्य कार्यवाही और अन्य किसी नये रूप में भी हो सकता है, लेकिन केवल बयानबाजी से अब काम नहीं चलेगा। अब जरूरत फैसले का है, एक्शन का है और अपनी साख बचाने का है, जो मोदी सरकार हर कीमत पर करेगी, इसका भरोसा देशवासियों को है।

दरअसल, सामान्य जनजीवन की ओर तेजी से लौट रहे जम्मू-कश्मीर में अमन का माहौल पड़ोसी देश पाकिस्तान और उसके पोषित आतंकियों की आंखों में चुभ रहा है। एक बार फिर पाक प्रेरित दहशतगर्दों ने खून-खराबा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। ऐसा भी माना जा रहा है कि भारत पीओके पर निर्णायक कदम उठानेवाला है, इसलिए आतंकी फड़फड़ा रहे हैं, यानी दिया बुझने ही वाला है। भारत जिस प्रकार से हथियार खरीद रहा है और खुद को मजबूत सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है और जिस तरीके से वैश्विक मंच पर खुद को स्थापित कर रहा है, उससे तो यही संकेत मिल रहा है कि भारत अब चुप बैठनेवालों में से नहीं है। उसे चुप बैठना भी नहीं चाहिए।

# 71 एकड़ गोचर भूमि पर अवैध कब्जा

## अंचल कार्यालय की मिलीभगत से बन गये बकरी शेड और पीएम आवास

- अतिक्रमित भूमि की भी हो रही बिक्री
- चार वर्ष पूर्व अंचल अधिकारी को दी है जानकारी: मुखिया

रामप्रकाश तिवारी

**नीलांबर पीतांबरपुर (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पीतांबरपुर अंचल के अधीन गोराडीह टोली में 71 एकड़ गोचर भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा जमा रखा है। सरकारी जमीन के इस प्लॉट पर कई हिस्से में सरकारी राशि से प्रधानमंत्री आवास योजना और बकरी पशु शेड का निर्माण भी कर दिया गया है। यही नहीं, इस अवैध कब्जे वाली जमीन की बिक्री भी अंचल कार्यालय कर्मियों की मिलीभगत से शुरू कर दी गयी। बता दें कि पशुपालक और किसानों की आवश्यकता को समझते हुए पशुओं के चारागाह के रूप में गोचर जमीन की पहचान कर इसे संरक्षित किया गया था। इस जमीन के स्वरूप को किसी हालत में नहीं बदला जा सकता है, लेकिन प्रखंड और अंचल कार्यालय के कर्मियों ने इसकी परवाह न करते हुए नियमों की अनदेखी कर सरकारी राशि खर्च कर योजनाएं बना दी हैं। बीडीओ से लेकर सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक की संलिप्तता से योजनाएं पूरी भी कर ली गयीं। मामला है प्रखंड के सांगबार पंचायत के गोराडीह टोली स्थित 71 एकड़ तीन डिसमिल चारागाह भूमि का, जिस पर स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर खेती करना शुरू किया है। किसी ने पीएम आवास बना लिया, तो किसी ने बकरी शेड। कुछ लोगों ने उक्त भूमि की महंगे दामों पर खरीद बिक्री भी शुरू कर दी है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय से लगभग सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित गोराडीह टोली गांव में 71 एकड़ तीन डिसमिल भूमि पर आज तक अंचल कर्मी द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया।

अब सवाल उठता है कि सरकारी भूमि पर पशु शेड और बकरी शेड बनाने के लिए किसने अनुमति दी। इस पर से पर्दा जांच के बाद ही उठेगा। इधर ग्राम पंचायत की मुखिया गीता देवी ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व हमने अंचलाधिकारी को इस मामले को संज्ञान में दिया था, लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। जहां तक बकरी और पशु शेड निर्माण का मामला है, तो लाभुक द्वारा किस भूमि पर बनवाया गया है, यह मुझे पता नहीं है। यह अंचल का मामला बनता है।




### क्या कहते हैं अंचलाधिकारी

**अंचलाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उक्त भूमि के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया जायेगा। उक्त भूमि के कब्जाधारियों को नोटिस भेजा गया है। उक्त भूमि पर जिला योजना से 25 एकड़ में मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण किया जाना है, जिसके लिए चेक स्लिप निर्गत किया जा रहा है।**

## केटीपीएस में हुआ झारखंड के पहले सोलर प्लांट का उद्घाटन

# सौर ऊर्जा सिस्टम से भारत का नाम दुनिया में गूंजेगा: घनश्याम प्रसाद

विनोद

**जयनगर/कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रीन एनर्जी और रिन्यूअल एनर्जी के जरिए देश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में भी 10 मेगावाट का ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिसमें दो मेगावाट प्लांट का शुक्रवार को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और डीवीसी के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने उद्घाटन किया। यह झारखंड का पहला सोलर प्लांट है। केटीपीएस के खाली पड़े भूभाग में छह स्थानों पर सोलर प्लांट के लिए सोलर प्लेट और बैकअप सोर्स के साथ अन्य संसाधनों को स्थापित किया जा रहा है। उद्घाटन के बाद डीवीसी अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने बताया कि अभी कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के दो मेगावाट सोलर आधारित बिजली उत्पादन का उद्घाटन किया गया है। पूरी तरह से 10 मेगावाट सोलर पावर प्लांट तैयार कर लिया जायेगा, तब इसके जरिए उत्पादित बिजली को ग्रीड में सप्लाई किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आने वाला समय ग्रीन एनर्जी और रिन्यूअल एनर्जी का है। इस दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाकी 8 मेगावाट के लिए चिह्नित स्थानों में सोलर पैनल स्थापित किया जा रहा है। घनश्याम प्रसाद ने बताया कि सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन होने पर कोयला के प्रति निर्भरता कम होगी। इस संयंत्र से दिन में बिजली उत्पादन होगा और स्वतः कोयले की जरूरत कम होगी। कोयले के कारण भी कई बार विद्युत उत्पादन बाधित होता है, यह समस्या दूर होगी। पूरे देश में सौर ऊर्जा सिस्टम लागू हो जायेगा तो भारत का नाम देश ही नहीं दुनिया में गूंजेगा। वहीं केटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सोलर एनर्जी सूर्य की रोशनी से प्राप्त एनर्जी है, जिसे सोलर पैनल की मदद से एकत्रित किया जाता है। इसके बाद इसका उपयोग बिजली के स्रोत के रूप में किया जाता है। पिछले कुछ समय में भारत में सोलर एनर्जी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। अब कोडरमा के लोग भी इससे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह ने किया।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिवार में शुभ मांगलिक कार्य के प्रयास में सफलता मिलेगी।

**वृष** समाज में मान-सम्मान रहेगा, नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, आय के नये स्रोत प्राप्त होगा।

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, नौकरी में अच्छी बदलाव होने का संभावना है।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।

**कन्या** नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** परिवार में धार्मिक मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, नौकरी में स्थानांतरण-पदोन्नति होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, परीक्षा-प्रतियोगिता।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा होने की संभावना।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी,श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## नीरज और राम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी

रांची। सरकारी टेंडर में कमीशन के जरिये करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और उस कमाई को वैध बनाने के लिए मनी लाउंड्रिंग करने के आरोपी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों की बेल पर इडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गयी है, जिसके बाद अदालत के फैसले का इंतजार है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें इडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ इडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने बहस की। नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की। अदालत दोनों आरोपियों की याचिका पर 18 सितंबर को फैसला सुनायेगी।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची पहुंचे, भाजपा नेताओं से की मुलाकात

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर किया मंथन

**झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कैसे जीत सुनिश्चित हो इसकी तैयारी की जा रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट से ही वह हेलीकॉप्टर से छत्तीसगढ़ गये। एयरपोर्ट में उन्होंने भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। जशपुर में मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर से यात्रा मुश्किल थी, लेकिन जेपी नड्डा के सड़क मार्ग से वहां भेजने की तैयारी थी, लेकिन जशपुर से मौसम में सुधार होने की खबर आयी, जिसके बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से भेजा गया। भाजपा अध्यक्ष का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद सुनील सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सांसद संजय सेठ, सुदर्शन भगत, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी सहित कई नेताओं ने किया। रघुवर दास ने बताया कि जशपुर में जनसभा को संबोधित करने के लिए जाने से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड के नेताओं से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी चुनाव को लेकर प्रदेश में तैयारियों का जायजा लिया। झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कैसे जीत सुनिश्चित हो इसकी तैयारी की जा रही है। रघुवर दास ने कहा, ठग गठबंधन की सरकार से जनता नाराज है। लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता इसका जवाब देगी। 2019 में भी गठबंधन बना था। तब भी भाजपा 12 सीटों पर जीत गयी थी। इस बार सभी सीटों पर पार्टी की जीत तय है। रघुवर दास ने मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं होता। अगर जांच एजेंसी बुलाती तो जिम्मेदार व्यक्ति को पूछताछ के लिए जाना चाहिए। क्यों भाग रहे हैं। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगी है। कुछ पत्रकारों को बॉयकॉट करके गठबंधन ने अपनी मानसिकता जाहिर कर दी है।

### माफियाओं को गिरफ्तार करने में पुलिस के हाथ-पैर क्यों फूल रहे हैं: बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर अवैध खनन मामले को लेकर हेमंत सरकार को घेरा है। श्री मरांडी ने कहा है कि खनन माफियाओं को गिरफ्तार करने में आखिर पुलिस के हाथ-पैर क्यों फूल रहे हैं। शुक्रवार को ट्वीट कर उन्होंने कहा कि मई महीने में साहिबगंज जिले में आदिम पहाड़िया जनजाति के सेत माल्तो एवं उनके परिवार की जमीन पर खनन माफियाओं ने जबरदस्ती कब्जा कर अवैध पत्थर खनन किया। पीड़ित ने मामले की शिकायत उपायुक्त से की। इसी बीच सेत माल्तो को शिकायत वापस लेने की धमकी देते हुए गोली मार दी गयी, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। श्री मरांडी ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि इस जिले में मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र भी आता है। हेमंत सोरेन अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज करा गिरफ्तारी के लिए कई टीम बना देते हैं, तो फिर चार महीने बीतने के बावजूद इन खनन माफियाओं को गिरफ्तार करने में पुलिस के हाथ-पांव क्यों फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा इस तरह के मामलों को उठाने पर मुख्यमंत्री और ट्रोल आर्मी निजी हमले शुरू कर देते हैं। क्या मुख्यमंत्री यह चाहते हैं कि हम जनता की समस्याओं को संज्ञान में न लायें।

### 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आजसू का महाधिवेशन

# केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक आज

**बैठक में जिला और प्रखंड पदाधिकारी भी होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा और प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक 16 सितंबर दिन शनिवार को सुबह 11:00 बजे से रांची कटहल मोड़, इटकी रोड स्थित लाल गुटवा बैंक्वेट हॉल में आयोजित होगी। इस बैठक में 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को प्रस्तावित पार्टी के महाधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की जायेगी और प्रस्तावित तिथियों पर मुहर लगेगी। तीन दिवसीय महाधिवेशन का आयोजन रांची स्थित मोराबादी मैदान में होना तय है। उक्त जानकारी पार्टी के



मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने कहा कि यह महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा और इस महाधिवेशन के जरिए हम 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर बात करेंगे। आज राज्य में हेमंत सरकार की नाकामी के चलते अपराधियों का बोलबाला बढ़ गया है। आये दिन कोई न कोई आपराधिक घटना होती रहती है, जिससे राज्य के आम जनमानस में भय का माहौल है। रांची में कल ही दिनदहाड़े एक जमीन कारोबारी को गोली मारी गयी। कुछ दिन पूर्व ही दलदली चौक पर सीपीएम सुभाष मुंडा की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। आज झारखंड की शाशन प्रशासन व्यवस्था अपराधियों के हाथ में है। युवा नौकरी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इस बैठक के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य, सभी विधानसभा प्रभारी, सभी जिलों के प्रभारी, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव तथा सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव, नगर अध्यक्ष, नगर सचिव एवं सभी अनुषंगी इकाई के अध्यक्ष, सचिव शामिल होंगे।

### अवैध खनन केस

# इडी के गवाह विजय हांसदा का क्रॉस एग्जामिनेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज समेत संथाल परगना इलाके में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग करने से जुड़े केस में रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार को इडी के गवाह का बयान खत्म हो गया। विजय हांसदा ने कोर्ट में अपने बयान में कहा कि मैंने सादे कागज पर हस्ताक्षर किया है और यह मैंने इसलिए किया, क्योंकि मुंगेरी यादव और अशोक यादव ने मुझे धमकी दी थी और दबाव बनाया था। विजय हांसदा ने बचाव पक्ष के द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन के दौरान यह बयान दिया है।

## भरत की जमानत याचिका पर 18 को होगी सुनवाई

रांची। लैंड स्कैम के भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया. जिसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 सितंबर की तारीख तय की है। सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे खरीद-बिक्री करने से जुड़े इस केस में विष्णु अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और राजेश राय समेत कई लोग आरोपी हैं।


**भारतीय खाद्य निगम**
**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर**

File No: S&S/2/OMSS(D)/Wheat/2023-24 Date: 15.09.2023

**प्रेस नोट**

गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है की, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत चरणबद्ध तरीके से ई–नीलामी के माध्यम से 50 LMT गेहूं और 25 LMT चावल खुले बाजार में उतारेगी। चावल का आरक्षित मूल्य रु.3100/ क्विंटल रुपये से घटाकर रु. 2900/ क्विंटल किया गया।
एफसीआई द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार, एफसीआई ओडिशा क्षेत्र के 18 केंद्रों से 7000 मीट्रिक टन गेहूं और 28655 मीट्रिक टन चावल ई–नीलामी के लिए पेश किया गया है।
ओएमएसएस (डी) योजना के तहत गेहूं और चावल की बिक्री के लिए एफसीआई द्वारा प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को निविदा निकाली जायगी।
प्रति व्यापारि बोलीदाता को चावल की ई–नीलामी के लिए 1000 मीट्रिक टन तक की अनुमति है। इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी में भाग लेने के लिए एम–जंक्शन (http://www.valuejunction.in/fci) पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। महाप्रबंधक (क्षेत्र)


### कमलदेव गिरी हत्याकांड

# आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चक्रधरपुर के कमलदेव गिरी हत्याकांड मामले की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। इस केस में आरोपी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का कोर्ट ने पश्चिमी सिंहभूम के एसपी को आदेश दिया है। यहां बता दें कि हत्याकांड में गिरफ्तार अभियुक्तों के नार्को टेस्ट की मांग को लेकर कमलदेव के परिजनों ने धरना दिया था। धरना के दौरान ही कमलदेव की बहन और अन्य के साथ मारपीट का मामला सामने आया था, जिसका आरोप पुलिस अधिकारियों पर लगा था। इसी मामले में हाइकोर्ट में सुनवाई हुई और एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

**ये था मामला :** पिछले वर्ष नवंबर महीना में हिंदू वादी नेता कमलदेव गिरी की बम मार कर हत्या कर दी गयी थी, जिसके बाद उनके परिजन धरना पर बैठे थे। इस दौरान उनके परिजनों पूजा गिरी और उमानंद गिरी के साथ मारपीट हुई थी। उसके बाद मारपीट में शामिल पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। शुक्रवार को पूजा गिरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पश्चिमी सिंहभूम के एसपी को प्राथमिकी दर्ज करने का कोर्ट ने निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। पूजा गिरी की ओर से अधिवक्ता सूरज सिंह ने बहस की।

## साहिबगंज में हुई दिनदहाड़े बमबाजी पांच लोग घायल

रांची। साहिबगंज में दिनदहाड़े हुई बमबारी और फायरिंग से इलाका दहल गया। जिले के साहिबगंज-राजमहल मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को तालझाड़ी थाना क्षेत्र के मस्कलैया में दिनदहाड़े एक स्कॉर्पियो गाड़ी पर अपराधियों ने बम से हमला किया, जिसमें राजमहल थाना क्षेत्र के कन्हैया स्थान निवासी सुबेश मंडल सहित पांच लोग घायल हो गये, लेकिन गाड़ी के ड्राइवर घायल होने के बाद भी गाड़ी को निकाल कर सीधे राजमहल थाना पहुंचस, जहां से राजमहल पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। घायल सुबेश मंडल और ड्राइवर सुभाष पासवान को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। एक घायल का इलाज जारी है, जबकि दो घायल का निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इधर पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच कर घायलों से बयान दर्ज किया और घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस बहुत जल्द ही इस घटना का खुलासा करने में जुट गयी है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-79-85-2023, दिनांक: 14.09.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम संख्या:** 1। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-79-2023। कार्य का नाम:** राँची लिंक-बी (एसएल) - एसएसई (पी.वे)/जीबीएक्स/आरएनसी के न्यायक्षेत्र के अधीन टीएसआर (पी)-20.75 टीकेएम। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,39,39,536.90। **बयाना राशि:** ₹ 3,19,700। **क्रम संख्या:** 2। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-80-2023। कार्य का नाम:** राँची लिंक-बी (एसएल)-पीडब्ल्यूआई(पी.वे)/बीएएनओ/आरएनसी के न्यायक्षेत्र के अधीन टीएसआर (पी)-24.25 टीकेएम। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,80,71,839.16। **बयाना राशि:** ₹ 2,90,400। **क्रम संख्या:** 3। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-81-2023। कार्य का नाम:** डीईएन(ईस्ट)/आरएनसी के न्यायक्षेत्र के अधीन ट्रांसलेमैटिक रोबोटिक वेल्डर टेक्नोलॉजी द्वारा सीएमएस क्रॉसिंग इन सीटू की रिकंडीशनिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 72,28,980.69। **बयाना राशि:** ₹ 1,44,600। **क्रम संख्या:** 4। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-82-2023। कार्य का नाम:** राज्य प्राधिकारी की मांग के अनुसार रांची-टोरी खंड में एलसी संख्या आरटी-13 की बंदी के लिए अतिरिक्त वेंट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,98,75,721.89। **बयाना राशि:** ₹ 4,99,400। **क्रम संख्या:** 5। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-83-2023। कार्य का नाम:** एसएसई/वर्क्स/बीएएनओ के न्यायक्षेत्र के अधीन दिनांक 30.09.2025 तक समाप्त अवधि के लिए हटिया-ओरगा खंड में किमी. 428/12 से किमी. 500/4 तक खंड के लिए विविध ब्रिज जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,32,53,260.26। **बयाना राशि:** ₹ 2,16,300। **क्रम संख्या:** 6। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-84-2023। कार्य का नाम:** एसएसई/वर्क्स/बीएएनओ के न्यायक्षेत्र के अधीन दिनांक 30.09.2025 तक समाप्त अवधि के लिए हटिया-ओरगा खंड में किमी. 500/4 से किमी. 556/12 तक खंड के लिए विविध ब्रिज जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,58,94,665.34। **बयाना राशि:** ₹ 2,29,500। **क्रम संख्या:** 7। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-85-2023। कार्य का नाम:** एडीईएन/स्टेलमेंट/हटिया के न्यायक्षेत्र के अधीन दिनांक 30.09.2025 तक समाप्त अवधि के लिए विविध ब्रिज जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,21,57,978.06। **बयाना राशि:** ₹ 2,10,800। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 06.10.2023 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 7 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-608)


# 12 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस रांची में, तैयारियों की रूपरेखा बनी

**अतिथियों के नामों की घोषणा 25 सितंबर के बाद होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शुक्रवार को रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों और प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू और संचालन प्रधान महासचिव वीरेंद्र कुमार ने किया। यह बैठक आगामी 12 अक्टूबर को होने वाले 5वां स्थापना दिवस की तैयारी के मुद्दे पर रखी गयी थी। चर्चा के बाद तय किया गया कि स्थापना दिवस समारोह रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में आयोजित किया जायेगा। कोर कमेटी की बैठक में गठित तैयारी समिति ही रांची महानगर सहित पूरे जिले में प्रचार-प्रसार, दौरा, बैठक और जनसंपर्क करने का दायित्व निभायेगी, जबकि अन्य केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष अपने अपने प्रखंडों और जिलों में बैठक कर-के स्थापना दिवस की तैयारी करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि समारोह में आने वाले अतिथियों के नामों की घोषणा 25 सितंबर के बाद होने वाली बैठक में किया जायेगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के साथ ही वर्तमान केंद्रीय समिति का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा, इसलिए केंद्रीय समिति के पुनर्गठन का अधिकार केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू को दिया जाता है। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरा नाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, केंद्रीय सदस्य सत्यनारायण प्रसाद, कृष्णा साहू, नरेश साहू, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांची के थानों में जमीन माफिया की 'नो एंट्री' का लगा पोस्टर




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम थाना सहित अन्य थानों में भू-माफिया, जमीन दलाल की इंट्री पर रोक लगा दी गयी है। नामकुम थाना के गेट पर शुक्रवार को एक पोस्टर लगा है, जिसमें लिखा है कि जमीन दलाल, भू-माफिया का थाना परिसर में प्रवेश निषेध है। इसके अलावा भी कई अन्य थानों में भी ऐसा ही पोस्टर लगाया गया है।

उल्लेखनीय है कि रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गत 10 सितंबर को सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में एसएसपी ने थाना प्रभारियों से कहा था कि कहीं से भी यह आरोप नहीं आये कि थाना प्रभारी किसी लैंड माफिया के संपर्क में हैं। यह थाना प्रभारी के लिए खतरनाक साबित होगा।


**RANCHI UNIVERSITY**
**RANCHI**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender (in two bid system) are invited from the manufacturer/registered authorized dealer for Chemistry lab furniture under Ranchi University Ranchi. The BOQ may be obtained from the University office at a price of **Rs. 2500/- (Two Thousand Five Hundred Only)** in shape of Bank Draft in favor of **"Registrar, Ranchi University Ranchi"**, payable at **Ranchi** on working days from **16.09.2023** to **03.10.2023.** Last date of submission of Tender is **03.10.2023** at **12:30 P.M.** and will be open same day at **2.00 PM.** Earnest money of **Rs. 50,000/-** should be deposited with tender in shape of demand draft of any nationalized Bank in favor of **Registrar, Ranchi University Ranchi** payable at **Ranchi.**

**By order of the Vice Chancellor**
**Sd/-**
**Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

Memo No. : PL/ 666-669/23 , Dated : 15.09.2023

## कोडरमा में हॉल्ट बना कर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने न्यू गिरीडीह से रांची तक चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव कोडरमा मुख्यालय में न किये जाने पर रोष प्रकट किया है। वर्ष 2016 से ही कोडरमा मुख्यालय जयनगर चौक निकट कोडरमा मधुपुर सवारी गाड़ी के हॉल्ट हेतु गुहार लगाई जा रही है और तारीख 26.11.2018 को रेल लाइन जाम भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 1 जनवरी 2023 और कई बार कुछ प्रबुद्ध लोगों के साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर मिलकर हॉल्ट सुनिश्चित करने की मांग की गयी पर कोरा आश्वासन ही मिला, वहीं तारीख 12 सितंबर को न्यू गिरिडीह से रांची तक इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया। हैरत इस बात पर है कि एक तरफ हॉल्ट की स्वीकृति नहीं कराई गई पर एक नयी ट्रेन का परिचालन शुरू करा दिया जिसका समय गलत है। इसे सुबह 6:05 पर गिरिडीह से चलना चाहिए जिससे रांची जाने वालों को फायदा होता। इस प्रक्रिया से यह सिद्ध हो गया कि कोडरमा नगर पंचायत की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग की पूरी तरह अवहेलना की गयी। इससे जनता पूरी तरह आहत है और ठगा सा महसूस कर रही है। बसंत ने अविलंब हाल्ट का निर्माण और दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग के साथ ही सुबह इंटरसिटी का परिचालन गिरीडीह से करने की मांग की है।

## सात वर्षीय बच्चे को सांप ने काटा

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित कटैया पंचायत के ढाब गांव में शुक्रवार की सुबह 8 बजे गेहुंवन सांप काटने से एक बालक के गंभीर रूप घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि ढाब निवासी बिपिन कुमार के 7 वर्षीय पुत्र बालक गोलू कुमार सर्पदंश के कारण गंभीर रूप से घायल गये। गोलू घर के अंदर रसोइघर में खाना खाने के लिए बर्तन उठाने के लिए गया और बर्तन को गोलू जैसे ही उठाया तो गेहुंवन सांप पहले से बर्तन के पास मौजूद था और बालक को इस दौरान तीन बार सांप ने काट लिया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। फिलहाल बालक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## जयनगर में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर में स्वास्थ्य मेला का प्रमुख अंजू देवी, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, देवनारायण यादव, पंसस मिसवा उद्दीन, अनिल यादव सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रखंड स्तर पर आयोजन किया, मेला का आयोजन सामाजिक सांस्कृतिक रोग प्रसार और क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु किया गया है। मेला में भिन्न-भिन्न प्रकार हेतु स्टॉल लगाये गये। आयुष विभाग के द्वारा योग कराया और पौधा का वितरण किया। मौके पर डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुरेश राणा, डॉ. गोस्वामी, योग शिक्षका कृति सुमन, शैलेंद्र तिवारी, जितेंद्र कुमार, विपिन, जयप्रकाश यादव, दामोदर साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## मजदूरों के साथ अन्याय के खिलाफ करेंगे भूख हड़ताल: सुरजीत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की केरेडारी कोल परियोजना में बीजीआर माइनिंग के द्वारा हो रहे अन्याय और स्थानीय मजदूरों, रैयतो के साथ बहुत तरह से धोखाधड़ी की जा रही है, इस संबंध में सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यन्यायाधीश उच्च न्यायालय झारखंड, हेड ऑफिस एनटीपीसी, हेड ऑफिस बीजीआर माइनिंग, एनजीटी, सहित उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखा है। पत्र में कहा की स्थानीय मजदूर को 494 मजदूरी दी जा रही है, जिसमें कुशल और कुशल और अर्ध कुशल सभी तरह के लोगों को एक समान राशि दी जा रही है जो गलत है। मजदूरो का वेतन माइनिंग में 494 से बढ़कर 694 किया जाये। स्थानीय मजदूर को प्रत्येक सप्ताह में एक दिन छुट्टी अनिवार्य रूप से प्रबंधन के द्वारा दी जाती है, साथ ही साथ इस 1 दिन का छुट्टी का पैसा भी काटा जाता है। स्थानीय रैयत जिनके भूमि का आज तक कोई भी भुगतान नहीं हुआ है उस भूमि पर भी जबरदस्ती डरा धमकाकर प्रबंधन के द्वारा गैरकानूनी तरीके से अपना काम किया जा रहा है। कहा की इन सभी बिंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक अगर 15 दिन के अंदर विचार नहीं किया गया तो हम सभी कांग्रेस पार्टी के लोग रैयत और विस्थापित लोगों के साथ मिलकर बीजीआर प्रबंधन (केरेडारी कोल परियोजना) के गेट पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे, जिसकी सारी जवाब देगी बीजीआर माइनिंग की होगी।

## बड़कागांव युवक की हजारीबाग सड़क दुर्घटना में मौत, हत्या की आशंका



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मध्य पंचायत के कुम्हार मोहल्ला निवासी हरिनंदन कुमार (24), पिता धनेश्वर प्रजापति का हजारीबाग पोस्ट ऑफिस मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद हजारीबाग सदर थाना के द्वारा घर वालों की जानकारी दी गयी। मामले को लेकर परिजनों ने सदर थाना में हत्या की आशंका जताते हुए लिखित आवेदन दी है और मामले का छानबीनकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गयी है। बता दें कि हरिनंदन बाबा पथ हुरहुरू हजारीबाग में रहते हुए इलेक्ट्रिशियन का काम के साथ पढ़ाई भी कर रहा था। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, दादा उगन प्रजापति, कृष्णदेव प्रजापति, धनेश्वर प्रजापति, राजेंद्र कुमार, पुरन कुमार, दीपक प्रजापति, पप्पू कुमार, बबलू कुमार, सनी कुमार, गौतम कुमार, रंजन राणा, मुकेश कुमार, विकाश कुमार, मुकेश राम प्रजापति, तापस चक्रवर्ती, रौशन कुमार, मुकेश पंडा, दिनेश्वर प्रजापति, लालमनि राणा, संकर प्रजापति के अलावा दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त की।

## इंडिया गठबंधन के डर से देश का नाम बदलने को आतुर है बीजेपी: विनोद सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव विनोद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बीजेपी के नेताओं के नियत पर सवाल खड़ा किया है। कहा है कि बीजेपी को न इंडिया से प्रेम है न भारत से, बीजेपी सिर्फ सत्ता से प्रेम करती है। सत्ता के लिए देश का नाम भी बदल सकती हैं। जब से इंडिया गठबंधन बनी है भाजपा बुरी तरह डर गई है। मेक इन इंडिया इंडिया, साइनिंग इंडिया, डिजिटल का नारा देने वाली बीजेपी खुद नाम बदलने में लगी है। इंडिया गठबंधन को रोकने के लिए कई प्रयास किया। 2014 से महंगाई से मुक्ति और रोजगार देने का वादा किया था वह आज 9 साल गुजारने के बाद भी कुछ नहीं हो सका। जनता को जवाब देने के लिए कुछ बचा नहीं है। जनता उनके झूठे वादों को समझ चुकी है आने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन से लड़ा जायेगा। महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों का मुद्दा बनाया जायेगा। अब अडानी अंबानी का राज खत्म होगा और गरीबों का राज आयेगा।

# 60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र से पांच लाख कीमत के ब्राउन शुगर के साथ दो व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीएसपी राजीव कुमार ने बताया की गुरुवार आधी रात्रि को गुप्त सूचना मिली की मोटरसाइकिल से चतरा से ब्राउन शुगर तस्करी करने के लिए हजारीबन की ओर दो लोग जा रहे हैं। छापामारी दल के साथ कटकमसांडी थाना अंतर्गत कटकमसांडी हाई स्कूल के सामने वाहन चेकिंग लगाया। इस दौरान एक मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति सवार होकर हजारीबाग जा रहे थे। तभी मोटरसाइकिल चालक ने पुलिस को देखकर वापस भागने की कोशिश करने लगे। जिसे छापामारी दल के द्वारा पकड लिया गया। पकड़ाये दोनों व्यक्तियों की पहचान तंजील आलम और मकसूद खान बड़ा बाजार (देवी दयाल लेन) थाना सदर, जिला हजारीबाग के रूप में हुई। भागने का कारण पूछने पर वे बतलाये कि हमलोग गिद्धौर (चतरा) से ब्राउन शुगर खरीद पर हजारीबाग में बेचते हैं और हमलोग के पास 60 ग्राम ब्राउन शुगर है, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। जिस आधार पर कटकमसांडी थाना कांड संख्या-399/23 दर्ज किया।




**गिरफ्तार अभियुक्त:-**
तंजी आलम उम्र 29 वर्ष पिता स्व मो मोईन और मकसूद खान 27 वर्ष पिता महमुद खान बड़ा बाजार देवी दयाल लेन थाना सदर, जिला हजारीबाग।

**छापामारी दल:-**
पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार, थाना प्रभारी पुअनि प्रशांत कुमार मिश्रा, पुनि सुदीप कुमार पाण्डेय और सशस्त्र बल शामिल थे।

**बरामदगी:-**
एक मोटरसाईकिल, ब्राउन शुगर- 60 ग्राम (जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपया है।

# डेंगू से बचाव को लेकर रोस्टर के हिसाब से फॉगिंग: हर्षवर्धन

**होल्डिंग टैक्स जमा करने की लोगो से की अपील**

गौतम पाल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के अब हर गली मोहल्ले साफ सफाई के साथ-साथ रौशनी की व्यवस्था भी होगी चाक चौबंद। युद्ध स्तर पर इसकी तैयारी को लेकर नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्धन ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कई निर्देश दिये। इसी कड़ी में शुक्रवार को नप प्रशासक हर्षवर्धन ने डेंगू मच्छर के प्रकोप से लोगों को बचाए रखने के लिए नगर परिषद की ओर से जोर-शोर से चल रही तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नप क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में रोस्टर के हिसाब से किटनाशक दवा का छिड़काव के साथ-साथ ब्लीचिंग व चूने का भी छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अलावा फोगिंग से भी छिड़काव कराया जा रहा है। केमिकल की कमी ना हो इसके लिए उन्होंने मलेरिया विभाग से अतिरिक्त केमिकल भी मंगा ली गयी है पिछले एक सप्ताह से वार्डों में फॉगिंग से छिड़काव कराया जा रहा है इसमें 5-6, 20-21, 27-28 वार्डों में फॉगिंग से छिड़काव कर ली गयी है उन्होंने कहा सफाई कर्मियों की ओर से भी नदियों की लगातार सफाई कराई जा रही है ताकि रुके हुए पानी में डेंगू का लार्वा न फैल सके। इसे लेकर नगर परिषद प्रशासन पूरी सावधानी बरत रही है। वही हर्षवर्धन ने कहा कि प्रत्येक वार्ड व गली में लगे खंबे पर स्ट्रीट लाइट जो मामूली मरम्मती के अभाव में बेकार पड़े हैं उसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जायेगा ताकि अंधेरे से लोगों को निजात दिलायी जा सके। वहीं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग अब तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किये हैं वे जल्द से जल्द अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर दे। अन्यथा कार्रवाई को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि अब तक होल्डिंग टैक्स को लेकर 159 लोगों को नोटिस दिया जा चुका है। इसमें कुछ लोगों को पहली बार व कुछ को दूसरी बार नोटिस तक भेजा गया है। वहीं दूसरी और उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी को लेकर विभिन्न पूजा कमेटी की तैयारी और पूजा स्थल का भी निरीक्षण किया।



# 16 से 10 अक्टूबर तक अधूरे प्रधानमंत्री आवास का कार्य करें पूर्ण: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ जितेंद्र पांडे के नेतृत्व में मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवकों की बैठक की गयी। बैठक के पूर्व गोंदलपुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की हत्या का घोर निंदा किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया।

बैठक में बीडीओ जितेंद्र पांडे ने मुखिया एवं पंचायत सेवकों को निर्देश दिया कि वर्ष 2022 -23 में प्रधानमंत्री आवास योजना जो अर्ध निर्मित है उसे 16 सितंबर से 10 अक्टूबर तक पूर्ण करने की बात कही। प्रखंड में कुल 84 प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य अधूरा है। उसे हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। इस कार्य के लिए, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक को लगाया गया है। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष सह बड़कागांव पश्चिमी पंचायत मुखिया रंजीत मेहता, कविता कुमारी, लीलावती देवी, गीता कुमारी, प्रभु महतो, मुखिया प्रतिनिधि भिखन महतो, बालेश्वर कुमार, चंदनपुरी, बिगल चौधरी, राजकुमार, सनित महतो, बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार, आशीष कुमार, पंचायत सेवक खुश नारायण मेहता, विशेश्वर मेहता, संगम कुमार, अलका कुमारी, धीरज कुमार सिंह, रंजू कुमारी, अरविंद दांगी, अशोक नारायण तिवारी, धनेश्वर प्रसाद, गोपाल, जगन्नाथ, जयप्रकाश, प्रकाश कुमार, सहित रोजगार सेवक शामिल थे।



# वन विभाग ने अवैध कोयला लदी 12 मोटरसाइकिल जब्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** वन विभाग ने करवाई करते हुए अवैध कोयला ढुलाई पर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान हजारीबाग सहायक वन संरक्षक पदाधिकारी अविनाश कुमार परमार, बड़कागांव रेंजर कमलेश कुमार सिंह तथा हजारीबाग सदर रेंजर के नेतृत्व में बड़कागांव-हजारीबाग पथ में चलाया गया। छापामारी अभियान में 12 मोटरसाइकिल सहित 198 अवैध कोयला बोरी लदा जप्तकर हजारीबाग वन प्रमंडल कार्यालय ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक 12 गाड़ियों के मालिक के ऊपर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से बड़कागांव वनपाल संतु कुमार, वनरक्षी केसव महतो, अजय कुमार यादव, नजीर हुसैन, संजय कुमार यादव, मृणाल भास्कर, अमर कुमार साहू, के अलावे बड़कागांव तथा हजारीबाग सदर रेंज के टीम शामिल थें। वही मोटरसाइकिल से कोयला बेचने वाले लोगों का कहना है कि ट्रक, हईवा, टर्बो ट्रैक्टर सहित अन्य बड़े वहां से अवैध रूप से कोयले की खनन कर ढुलाई करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है, जिसे वन विभाग द्वारा रोक पाने में अक्षम है। जबकि हम लोग परिवार पालने के लिए खरीद कर कड़ी मेहनत कर कोयला ले जाते हैं। मोटरसाइकिल चालकों ने वन विभाग के अधिकारियों पर मारपीट करने, मोबाइल तथा पैसा छीनने का भी आरोप लगाया है।



## बालू के अवैध कारोबारी के हमले में बचे कोडरमा डीएमओ

# पांच ट्रैक्टर जब्त, तीन ड्राइवर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में एनजीटी के रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। डीसी मेघा भारद्वाज के कड़े निर्देश को लेकर जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय ने शुक्रवार को तिलैया थाना क्षेत्र के झलपो विश्रामबाग, जयनगर रोड और महतो अहरा रोड में कार्रवाई की। इस दौरान डीएमओ के द्वारा महतो अहरा रोड में बालू लोड 2 ट्रैक्टर, जयनगर रोड में बालू लोड एक ट्रैक्टर एवं झलपो विश्रामबाग रोड़ में बालू लोड 3 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। इस दौरान बालू लोड एक ट्रैक्टर को झलपो विश्रामबाग रोड में करीब 100 की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ ने खनन विभाग के कब्जे से ट्रैक्टर को छुड़ा लिया और लेकर फरार हो गये। इस कार्रवाई के दौरान जब डीएमओ जयनगर रोड में पकड़े गये बालू लोड ट्रैक्टर को अपनी टीम के साथ जब्त कर कोडरमा लेकर जा रहे थे, तभी कोडरमा थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के समीप ट्रैक्टर का चालक अचानक ट्रैक्टर से कूद कर फरार हो गया। जिसके बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डीएमओ की गाड़ी से टकरा गई। डीएमओ ने बताया कि इस दौरान उन्होंने और अन्य कर्मियों ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। डीएमओ ने बताया कि इस पूरे मामले में 3 ट्रैक्टर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंपा गया है। पकड़े गये ट्रैक्टर ड्राइवर और टीम से जबरन ट्रैक्टर को छुड़ाने वाले ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कोडरमा और तिलैया थाना में आवेदन दिया गया है। पकड़े गये चालकों में राजेश्वर यादव, कैलाश रजक और सुरेंद्र साव शामिल हैं।




## झरपो में वार्षिक आमसभा, महिला सम्मेलन आयोजित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत भवन में नारी शक्ति अजीविका महिला संकूल संगठन स्वाबलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड झरपो टाटीझरिया के बैनर तले वार्षिक आम सभा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, समाजसेवी किशोरी ठाकुर ने किया। महिला संगठन के द्वारा सभी अतिथियों का बुके और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता देवंती देवी और संचालन उषा रानी ने की। वार्षिक आम सभा में संकुल स्तरीय लेखापाल बिंदिया देवी के एक वर्ष का आय-व्यय सभी सदस्यों के सामने रखा। संकुल संगठन का गठन 2 नवम्बर 2020 को हुआ था जिसमें झरपो, भराजो और खैरा पंचायत के महिला समुह शामिल हुए संकुल संगठन में 208 समुह है जिसमें 11 समुह प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीपीएम सुनील कुमार, सीसी धर्मवीर साव, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, मीना देवी, प्रमीला देवी, देवंती देवी, कंचन देवी, रेणु देवी, संगीता देवी, बीणा देवी, सोनी देवी, पुष्पा देवी समेत समुह के अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

## 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत पूर्व सैनिकों के घर से ली गयी मिट्टी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार 1- सितंबर से 15 सितंबर तक मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम किया जाना है। जिसके तहत प्रत्येक गांव से सम्मानित व प्रतिष्ठित व्यक्ति और सैनिकों के घर का मिट्टी, मिट्टी के कलश में प्राप्त करना है। जिसे प्रखंड स्तर पर एक कलश में एकत्र कर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बने 7500 गढ़ों में मिट्टी डालकर वृक्षारोपण करना है जो अमृत वन के नाम से जाना जायेगा। इसी को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं सिमरिया विधायक किसुन दास की उपस्थिति में बड़कागांव-पूर्वी पंचायत के ग्राम ढ़ेगा निवासी अवकाश प्राप्त सैनिक बसंत नारायण तिवारी और गुरु चट्टी गांव निवासी अवकाश प्राप्त सैनिक हुलास प्रसाद कुशवाहा के घर से कलश में मिट्टी लेने का कार्य किया गया। इस मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह बहुत ही सराहनीय कार्य है कि एक-एक गांव के सैनिकों के यहां से मिट्टी लेकर देश के लिए उसे लगाया जायेगा जो काफी गौरवान्वित होने की बात है कि हमारे गांव घर का मिट्टी कर्तव्य पथ में उपयोग होगा। मौके पर बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, सदर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, अजय साहू, विजय साहू, इंद्र नारायण कुशवाहा, भाजपा जिला मंत्री मूलचंद साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष महेंद्र बिहारी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री बैजनाथ साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन साहू, पूर्व मुखिया लीलावती देवी के साथ-साथ दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी।

## स्थानीय मुद्दों को लेकर मंत्री हफीजुल हसन से की मुलाकात



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विष्णुगढ़ अब्बास अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रखंड के ज्वलन्त समस्याओं को लेकर राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के रांची स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात किया गया। जिसमें राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय अंसारी नगर के जर्जर भवन की मरम्मती, नवादा कब्रिस्तान का मामला, नवादा, कुसुंबा, बक्सपुरा पंचायत में एक सामुदायिक भवन बनवाने का मामला तथा अनेको जर्जर रोड को बनवाने के मामले को लेकर मंत्री को लिखित आवेदन दिया गया। जिसमें उन्होंने अनुशंसा करते हुए अभिलंब विभागीय कार्रवाई करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, जाकिर हुसैन अंसारी, मजबूल अंसारी, हाफिज अंसारी और जमीरउद्दीन अंसारी शामिल थे।

## हजारीबाग संवेदक संघ ने मनाया छठा स्थापना दिवस

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग संवेदक संघ ने अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। जिले के संवेदको ने डीवीसी चौक स्थित संघ के कार्यालय में जमा होकर केक काटा और एक दूसरे को खिला कर संघ को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष दीपक मेहता ने कहा की सभी संवेदक के सहयोग से हजारीबाग संवेदक संघ आज अपना छठा स्थापना दिवस मना रहा है। साथ ही सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की बड़े बड़े ठिकेदारों को लाभ पहुंचाने की नियत से योजनाओं को ग्रुप पैकेज बनाकर टेंडर निकाला जा रहा है। इससे छोटे और मंझले ठिकेदार को काम नहीं मिल पायेगा। सरकार को पूर्णविचार कर इसमें संशोधन करना चाहिए। मौके पर उपाध्यक्ष विशेश्वर यादव, सचिव मुकेश कुमार, संरक्षक दीपक कुमार, अजय कुमार सिंह, संजय उपाध्याय पवन गुप्ता कलीम खान, चित्रगुप्त सिंह, सुजीत मेहता, बालेश्वर मेहता, सुजीत पासवान, दीपक सिंह, श्रीकांत कुमार, पुरुषोत्तम देव, आशीष सिंह, सुरेंद्र मेहता, जयप्रकाश मेहता, भोला प्रसाद मेहता, एमडी असलम, मनोज बाजपेई, गुड्डू असलम, प्रदीप पांडे, जयप्रकाश सिंह, इंद्रजीत मेहता, अरुण कुमार मेहता, श्याम सुंदर सिंह, मुन्ना सिंह, बालकृष्ण कुमार, रवि यादव, मनोज, मनोज चौबे, जयप्रकाश मेहता, सुरेंद्र मेहता, इंद्रजीत कुमार, आनंद सिंह, कृष्ण नारायण सिंह, संतोष सिंह, प्रकाश मेहता, बहादुर पटेल, पवन पांडे, जयप्रकाश मेहता, सुरेंद्र मेहता, रवि यादव, प्रदीप पांडे, मनोज चौबे, मनोहर मेहता, सुजीत मेहता, प्रकरण कुमार, लक्ष्मण मेहता, अरुण शर्मा, रणजीत तिवारी, प्रदीप मेहता, अजीत कुशवाहा, प्रवीण कुशवाहा समेत कई संवेदक उपस्थित है।

## बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का विधिवत शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव सीओ श्रीकांत लाल मांझी, बीइओ किशोर कुमार जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया प्रमुख रेणु देवी उपप्रमुख सुरजी देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, मुखिया प्रमीला देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद पंसस सह स्वास्थ्य शिक्षा विभाग सदस्य युसुफ अंसारी पंसस प्रिती गुप्ता, बिनीता कुमारी चिकित्सा प्रभारी रत्नाकुंज रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी रत्नाकुंज रानी और संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। स्वास्थ्य मेला में 18 काउंटर बनाये गये। जहां आयुर्वेद चिकित्सा, योगा, बीपी, शुगर, टीबी, मलेरिया, नेत्र जांच के लिए अलग अलग काउंटर बने थे। वहीं कोविड टीकाकरण, कुष्ठ रोग, आयुष्मान कार्ड के लिए, मरीजों के इलाज के लिए ओपीडी की भी ब्यवस्था के साथ रोगियों को नि:शुल्क दवा वितरित किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का मुख्य उद्देश्य है स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मौके पर डॉ निशांत बेक, डॉ अमित भंडारी आयुष डॉ जसीम, डॉ फतमा, दंत चिकित्सक डा. प्रिनीती प्रिया, सीके पांडेय, उतिम महतो, टुकलाल नायक, बालेश्वर ठाकुर इन्द्रदेव यादव, राजकुमार यादव, श्रीकांत पांडेय, बीपीएम रंजीत कुमार, पंकज कुमार, बीडीएम भावेश सिंह, सोनी दास, विशाल सिंह, संजय कुमार, सुधीर कुमार, मोइन अंसारी, कुंदन यादव, मालती देवी, मिथलेश भारती, मनोज विश्वकर्मा, हिरालाल प्रसाद समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी व सहिया दीदी उपस्थित थे।

## श्रमिक मध्य विद्यालय तोपा के प्रधानाध्यापक ने कुजू ओपी प्रभारी को दिया आवेदन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल संचालित श्रमिक मध्य विद्यालय, तोपा के प्रधानाध्यापक लोकनाथ महतो ने विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने ईट गिराकर दुकान का निर्माण पर रोक लगाने की मांग लेकर कुजू ओपी प्रभारी को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में कहा है कि अतिक्रमणकारियों द्वारा स्कूल मुख्य द्वार के सामने दुकान निर्माण करने को लेकर ईंट गिराया है। उन्होंने कहा है कि दुकान बनने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहेगा। जिसकी वजह से विद्यार्थियों को काफी दिक्कत होने की संभावना है। आने वाले दिनों में कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। लोकनाथ महतो ने ओपी प्रभारी से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। इधर, प्रधानाध्यापक ने पूर्व में भी सीसीएल तोपा पीओ को भी आवेदन दिया है। मालूम हो कि तोपा क्षेत्र में सीसीएल की जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा जबरन अतिक्रमण कर कई दुकान व आवास का निर्माण कर लिया गया है। समय रहते अगर सीसीएल प्रबंधन ने इस मामले को लेकर उचित कदम नहीं उठाती है तो आने वाले दिनों में बड़ी घटना घट सकती है।

## ज्ञान दीप विद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** थाना कॉलोनी शिवनगर स्थित ज्ञाप दीप विद्यालय में शुक्रवार को पूरे धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ समारोह पूर्वक शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की संस्थापक प्रभा देवी और प्रधानाध्यापक भुनेश्वर साव ने भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और भारतीय संस्कृति के संवाहक और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गयी। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों द्वारा केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर सबों के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को उपहार देकर उनका आशीर्वचन लिया। साथ ही बेहतर शिक्षा ग्रहण कर भविष्य अच्छा मुकाम पाने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। मौके पर शिक्षक मोहन साव, निधि, हेमा, काजल, सोनी, अनामिका, सालिनी, सोनम आदि मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के तमाम छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## सीसीएल तोपा सुरक्षा विभाग ने अतिक्रमित भूमि को कराया मुक्त



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा परियोजना अंतर्गत अधिग्रहित किये गए भूमि को सुरक्षा विभाग ने अतिक्रमण मुक्त कराया। परियोजना सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया ने क्षेत्रीय व परियोजना के सुरक्षा गश्ती दल के साथ डोजरिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने डीएवी तोपा चेकपोस्ट के निकट बांस बल्ली से तैयार किए गए मुर्गा दुकान तथा भारतीय स्टेट बैंक तोपा शाखा के सामने एंगल से बनाए जा रहे दुकान को पेलोडर की मदद से ध्वस्त किया। अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के बिगल करमाली, संतोष कुमार, अजय कुमार, सोमरा मांझी, अजीम अंसारी, टुनटुन राम, संजय रजक, मिथून कुमार आदि शामिल रहे। बताते चले की सीसीएल सुरक्षा विभाग की सुस्ती के कारण तोपा क्षेत्र के अधिग्रहित भूमि पर कई वर्षो से अवैध कब्जाधारियों का कब्जा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि इन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ भी सुरक्षा विभाग कार्रवाई करें।

## पूर्व विधायक ने किया हंटरगंज का दौरा



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान गुरुवार को प्रखंड के घंघरी, झगरतरी, केतारीवार, मुरार, कोवना, केदली, और सुगी गांव का दौरा किया। इस दौरान पासवान ने केतारीवार गांव निवासी विनय यादव की धर्म पत्नी की आकस्मिक निधन पर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। वही सुग्गी गांव निवासी संदीप मिश्रा के बड़े भाई शैलेंद्र मिश्रा के बरखी कार्यक्रम में शामिल हुए और उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना।

## मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गेंजना पंचायत के भीम डाहा में गुरुवार को नालसा और मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विभिन्न मामलो से संबंधित सुलह समझौता को लेकर आगामी 30 सितंबर तक मन का मिलन पखवाड़ा सह शिविर का आयोजन चतरा व्यवहार न्यायालय में आयोजित किया गया है। इसके अलावे घरेलू -हिंसा, डायन- बिसाही, बाल -मजदूरी, डायन- प्रथा, बाल -विवाह, शिक्षा का अधिकार पर विशेष चर्चा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

# तोपचांची बम विस्फोट की आरोपी गुड़िया देवी रामगढ़ से गिरफ्तार

**गुड़िया ने पहचान छुपाने के लिए की थी दूसरी शादी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र में हुए बम विस्फोट कांड की मुख्य आरोपी गुड़िया देवी रामगढ़ से गिरफ्तार की गयी है। शुक्रवार को धनबाद पुलिस और रामगढ़ पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर शहर से गुड़िया देवी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले की जानकारी धनबाद के तोपचांची थाना के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 8 जनवरी 2023 को लोको बाजार में एक बाइक में धमाका किया गया था। जिसमें 6 लोग घायल हो गये थे। इस बम विस्फोट की वारदात में विस्फोट करने वाला पिंटू वर्णवाल भी घायल हो गया था। पिंटू वर्णवाल ने इस साजिश में अपनी पत्नी गुड़िया देवी को भी पहले से शामिल कर रखा था। इस मामले में धनबाद के तोपचांची थाना कांड संख्या 7/2023 के तहत मामला दर्ज है।

**पिंटू वर्णवाल के घर से मिला था विस्फोटकों का जखीराः** नक्सल प्रभावित तोपचांची थाना क्षेत्र में बम धमाके में छानबीन के दौरान पुलिस जब पिंटू वर्णवाल के घर पहुंची तो वहां विस्फोटकों का जखीरा मिला था। घर से भारी मात्रा में विस्फोटक (जिलेटीन) बरामद किया गया। दो बोरों में 264 पीस जिलेटिन भर कर रखा गया था।

**गुड़िया ने पहचान छुपाने के लिए की थी दूसरी शादीः** धनबाद बम विस्फोट वारदात की मुख्य आरोपी रही गुड़िया ने अपनी पहचान छुपाने के लिए ने दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब धनबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। अभी तक धनबाद पुलिस गुड़िया देवी को पिंटू वर्णवाल की पत्नी के रूप में जान रही थी। लेकिन जब गुड़िया पकड़ी गई तो उसका पति सचिन मिला। बेहद शातिराना तरीके से गुड़िया देवी ने अपने घर में लगभग 264 जिलेटिन छुपा कर रखा था।

**10 महीने तक मायके में छुपी रही थी गुड़ियाः** वारदात में घायल पिंटू की अस्पताल में मौत हो गई। वहां पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर जब गुड़िया अपने मायके रामगढ़ पहुंची तो उसने यहां छुपाने के लिए एक नई योजना तैयार की। बाजार समिति के पीछे सुनसान इलाके में वह अपने मां के घर रह तो रही थी, लेकिन उसे एक नया छत छुपने के लिए चाहिए था। उसने एक बेहद शातिर इंसान सचिन वर्णवाल से रजरप्पा मंदिर में शादी की। उसकी पत्नी बनाकर उसके घर में रहने लगी।

**जून महीने में सचिन भी चला गया जेल, तो बाहर निकली गुड़ियाः** सचिन की पत्नी बनने के बाद गुड़िया ने अपनी पहचान को ऐसे छुपा कर रखा की पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। लेकिन जून महीने में सचिन खुद एक मामले में जेल चला गया। इसके बाद गुड़िया के सामने कोई रास्ता नहीं बचा। गुड़िया जब बाहर निकली तब पुलिस को इसकी सूचना मिलने लगी। धनबाद पुलिस उसे तलाशते हुए रामगढ़ पहुंची और शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर अपने साथ तोपचांची ले गई।

# आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य मेला में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पहल पर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयुष्मान भारत के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी तथा सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर मेला में आये लोगों को निशुल्क चिकित्सकीय सेवा, जांच, टीकाकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य से संबंधित अनेक परामर्श दिया गया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मेले में 21 काउंटर बनाया गया था। ज़िप उपाध्यक्ष तिवारी ने विभागीय स्तर पर इस तरह के स्वास्थ्य मेला आयोजित किए जाने की सराहाना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी होनी चाहिए। ताकि लोगों को समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सही समय पर इलाज कराने और अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहने पर बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस स्वास्थ्य मेले में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, कान एवं नाक, दंत-जांच, त्वचा जांच, मलेरिया, कुष्ठ, यक्ष्मा इत्यादि ,रोगों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेला में शिशु, गर्भवती महिला, कोविड का टीकाकरण तथा शुगर, उच्च रक्तचाप कोविड व अमीनिया की जांच की व्यवस्था है। इस मौके पर परिवार नियोजन, कुपोषण, एड्स, कैंसर, तम्बाकू औरउपयोग के दुष्परिणाम की जानकारी दिया गया। इलाज के उपरांत आवश्यक दवाई भी निशुल्क वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले का पूरा लाभ उठाया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख, चिकित्सक, एएनएम तथा प्रखंड के कई स्वास्थ्य कर्मी के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से आये हुए लोग उपस्थित थे।

# 'चलो करें आवास पूरा' के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चलो करे आवास पूरा के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी और उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने चलो करे आवास पूराॅ कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यशाला में परियोजना पदाधिकारी रूपेश तिवारी ने जानकारी दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चतरा जिला में अब तक कुल 82889 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 79367 ( 95.64 प्रतिशत ) पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 3622 आवास विभिन्न कारण से अब तक अपूर्ण है । इसे समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु विभागीय निर्देश के आलोक में चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत पूर्ण किया जाना है। उन्होंने आगे बताया कि यह अभियान 15 सितंबर 2023 से 10 अक्टूबर 2023 तक पूरे जिले भर में चलाया जायेगा। कल दिनांक 16 सितंबर 2023 को प्रखंड स्तर पर भी इस प्रकार के कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मुख्य गतिविधि और ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करना है। आम जन जागरूक हों इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला में सभी प्रखण्ड प्रमुख, उप प्रमुख, जिला, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, सभी प्रखंड समंवयक /प्रभारी प्रखण्ड समंवयक, प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद के रामगढ़ नगर अध्यक्ष बने अरुण राय




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ आलोक रतन चौधरी के निर्देश पर रामगढ़ नगर समिति का विस्तार किया गया। शुक्रवार को रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा की देख रेख में होटल लॉ मैरिटल के सभागार में किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष के रूप में अरुण राय की घोषणा की गयी। मौके पर प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने कहा की संगठन में समर्पित कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपा गया है। मैं आशा करता हूं की अरुण राय अपनी निष्ठा और समर्पित भाव से संगठन में रहकर इसको और मजबूत बनायेंगे। मौके पर अनामिका श्रीवास्तव, भागीरथ पोद्दार, संतोष सिंह, महेंद्र ठाकुर, ललन लहरी आदि उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब ने गंगा रेसीडेंसी में किया शो प्लांट का पौधरोपण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को रांची रोड स्थित गंगा रेसीडेंसी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्यों ने रेसीडेंसी के चारों और शो प्लांट व फलदार पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षित का संदेश दी। मौके पर क्लब की सचिव नीरू साहनी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षित को लेकर इनरव्हील क्लब निरंतर पौधरोपण कार्य कर रही है। इससे न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होगी बल्कि आसपास के क्षेत्र प्राकृतिक सुंदर होगी। उन्होंने कहा कि शो प्लांट से क्षेत्र हरित और आकर्षण भी बन रहा है जो देखते ही बनता है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष मेघा बगड़िया, नामित सर्राफ, शर्मिष्ठा दत्ता, विजयलक्ष्मी अयंगर, हिना कुटेचा, रंजू अरोड़ा, मीरा बगड़िया, नीतू अग्रवाल, श्वेता जैन, ममता अग्रवाल आदि शामिल थी।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने पीवीयूएन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस पावर प्लांट के समय से कई दशक से विभिन्न मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की ओर से शुक्रवार को पीवीयूएन प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। सौंपा गये ज्ञापन में मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद ने बताया है कि विज्ञापन अथवा सूचना दिये बिना विस्थापित प्रभावितों को नजर अंदाज कर मनमाने तरीके से पीवीयुएन व यूपीएल में किये जा रहे बहाली के खिलाफ व 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन तथा अन्य चरणबद्ध आंदोलन शीघ्र किया जायेगा। इसलिए मोर्चा ने पीवीयूएन के सीइओ के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक पहल करते हुए आगामी 28 सितंबर तक वार्ता बुलाकर विस्थापित-प्रभावितों की समस्याओं का समाधान किया जाये। अन्यथा आगामी 29 सितंबर से पीवीयूएन लेबर गेट के समक्ष विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा साथ ही धरना स्थल से ही घोषित कर अन्य चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी पीवीयुएन प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में वालों में अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, कुमेल उरांव किशोर कुमार महतो, राजाराम प्रसाद, विजय मुंडा, प्रदीप महतो प्रियानाथ मुखर्जी शामिल थे।

## उरीमारी में मनाया गया शहीद गहन टुडू का चौथा शहादत दिवस



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बिरसा परियोजना कार्यालय समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय उरीमारी में शुक्रवार को मजदूरों एवं विस्थापितों के नेता शहीद गहन टुडू का चौथा शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम स्व गहन टुडू की पत्नी बडकी देवी और रेशमी हस्सा ने उनके तस्वीर के समीप पूजा अर्चना कर तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं स्व टुडू के माता मंझली देवी और बेटियां बसंती, खुशबू, देवंती, आरती, प्रियांशी, अंजना, सोनम, आसमा ने बारी- बारी से पुष्प अर्पित नमन किया। इन लोगों ने दी श्रद्धांजलि स्व गहन टुडू के शहादत दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि देने वालो में संजीव बेदिया केंद्रीय सचिव झामुमो, रामेश्वर मुंडा खान प्रबंधक बिरसा, सोनाराम मांझी केंद्रीय सदस्य झामुमो, संजय करमाली हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष झामुमो, कार्तिक मांझी, रैना मांझी, सुखू मांझी, खेपन मांझी, महादेव बेसरा, कृष्णा सोरेन, जितेंद्र यादव, सुरेश मुर्मू, बहादुर मांझी, रुस्तम सोहराब, परमेश्वर सोरेन, मनोज सिंह,पूरन टुडू, सोलेन हांसदा, बिनोद सोरेन, धर्मदेव करमाली, विजय करमाली, लालजी पावरिया, सुबितराम किस्कू, भादो करमाली, अनिल मुर्मू, देवा उरांव, मुन्नी देवी, तालो मुन्नी देवी, गीता देवी, सरिता देवी, मीना देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## 25 को भुरकुंडा में सजेगा बाबा श्याम का दरबार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कलियुग के अवतार खाटूवाले श्री श्याम प्रभु का भव्य महोत्सव आगामी 25 सितंबर को पटेलनगर भुरकुंडा में मनाया जायेगा। महोत्सव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को पटेलनगर भुरकुंडा में श्यामभक्तों की बैठक हुई। बैठक में श्याम महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि भुरकुंडा में यह दसवां आयोजन है। महोत्सव में जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष गर्ग, कलकत्ता की मशहूर जोड़ी राज-गुरू, टाटानगर की उभरती भजन गायिका सौमी चैधरी, धनबाद के गायक पंकज शर्मा सहित अनेक कलाकार आ रहे हैं। महोत्सव में श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अलौकिक श्रृंगार, सवामणी भोग, छप्पन भोग, महाभोग, श्याम रसोई के संग भजनों की रस गंगा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इत्र वर्षा, श्याम संग पुष्पों की होली होगी। इस वर्ष भव्य श्री श्याम अखाड़ा का आयोजन होगा। जिसमें सभी बड़े कलाकार भजनों संग अखाड़े में उतरेंगे। अपनी तरह का यह अनूठा कार्यक्रम होगा। महोत्सव का आयोजन स्थानीय पटेलनगर मारवाड़ी धर्मशाला में होगा। महोत्सव की शुरूवात संध्या 6.30 अखंड द्वीप प्रज्वलन से होगी। महोत्सव में पूरे झारखंड से श्रद्धालु आयेंगे। आयोजक समिति के संयोजक उमेश राजगढ़िया और सह संयोजक सुनील अग्रवाल ने महोत्सव को सफल बनाने और सबों को श्याम दरबार में हाजिरी लगाने का अनुरोध किया है। बैठक में विनोद शर्मा, रुपेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मनोज शर्मा, राकेश शर्मा, संजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अजय गोयल, बिजय बंसल, संजय, मुन्ना, गोविन्द गोयल, यश राजगड़िया सहित कई लोग मौजूद थें।

## लोकपाल की टीम ने किया मनरेगा योजना का स्थल निरीक्षण



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** लोकपाल की गठित टीम द्वारा गुरुवार को हंटरगंज के खूंटी केवाल खुर्द पंचायत अंतर्गत गोदोवार गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, मुखिया बृज किशोर सिंह के अलावा पंचायत सेवक व रोजगार सेवक तथा लाभूक मौजूद थें।

## रामगढ़ में दिशा की बैठक संपन्न, सांसद हुए शामिल

# महत्वाकांक्षी योजनाओं की मॉनिटरिंग कर धरातल पर उतारें: जयंत सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभागार में सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी।

**सांसद ने ली मनरेगा की जानकारीः** बैठक में सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो, अमृत सरोवरों, खेल मैदानों आदि की जिओटैगिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

**केंद्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजना का समीक्षाः** केंद्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किये गये कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मतकमा चौक से चुट्टूपालू, नया मोड़ से गिद्दी और अरगड्डा गिद्दी क्षेत्र में दामोदर नदी पुल पर सड़क निर्माण पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

**स्मार्ट मीटर पर लंबी बातचीतः** मौके पर सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाये जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उन्हें ठीक करने करने का निर्देश दिया। पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं और उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीएम कुसुम योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को सोलर पंप का लाभ देने के उद्देश्य से सांसद ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड स्तर पर पर्याप्त संख्या में होर्डिंग लगाकर पीएम कुसुम योजना का प्रचार प्रसार करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

**बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोरः** जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न माध्यमों से किये गये कार्यों की जानकारी ली। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित कोचिंग परियोजना, रेल परियोजना आदि की विस्तृत जानकारी सभी को दी गयी। मौके पर सांसद ने जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ उच्च विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षा संबंधित अन्य परियोजनाओं को संचालित करने को लेकर चर्चा की।

**स्वास्थ्य व्यवस्था को करे दुरुस्तः** बैठक में सांसद ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन रामगढ़ से स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर करने के दिशा में किये जा रहे कार्यों के विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति हेतु की जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। मौके पर सांसद के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभान्वित करने, सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों का इलाज करने, जिले के विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

# सूचना तंत्र की भूमिका

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में सेना के दो आला अफसरों और एक पुलिस अधिकारी की मौत की घटना से कई सवाल फिर सामने आ खड़े हुए हैं। यह घटना आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान हुई। एक महीना पहले ही कुलगाम में एक मुठभेड़ के दौरान सेना के तीन जवान शहीद हुए थे, तब भी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी से जुड़ी सूचनाएं मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था। उससे पहले मई की शुरुआत में राजौरी में आतंकवादी हमले में पांच सैनिक मारे गये थे। बड़ी बात यह है कि इस घटना में उसी आतंकी गुट का हाथ होने का संदेह था, जिसने करीब 15 दिनों पहले 20 अप्रैल को पुंछ में सेना के ट्रक पर हमला किया था। उस हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। ये घटनाएं स्पष्ट कर देती हैं कि छिटपुट ही सही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की हरकतें जारी हैं। हालांकि इसमें कमी निश्चित रूप से आयी है। अगर पिछले कुछ वर्षों की स्थिति के संदर्भ में देखा जाये तो फर्क स्पष्ट नजर आता है। 2020 में 126, 2021 में 129 और 2022 में 125 आतंकी घटनाएं दर्ज की गयी थीं। इस मुकाबले इस साल 31 जुलाई तक 30 आतंकी घटनाओं की सूचना है। मुठभेड़ की घटनाओं में भी कमी आयी है। 2020 में 118, 2021 में 100 और 2022 में हुई 117 के मुकाबले इस साल 31 जुलाई तक 24 मुठभेड़ हुईं। इससे दो बातें साफ हैं। एक तो यह कि इन घटनाओं की फ्रीक्वेंसी में कमी है जो बताती है कि आतंकी गिरोहों का काम पहले के मुकाबले कठिन हो गया है। वे पहले जितनी आसानी से अपनी साजिशों को अंजाम नहीं दे पा रहे। लेकिन इसी से यह बात भी साफ है कि आतंकी नेटवर्क अब भी पूरी तरह जाम नहीं हो पाया है। सीमा पार से संचालित इस नेटवर्क की सक्रियता बताती है कि इस पर अंकुश लगाने की दिशा में अब भी बहुत कुछ करना बाकी है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में जमीन पर आये बदलाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता। जानकार बताते हैं कि पहले जिस तरह सीमा पार से भेजे जाने वाले आतंकियों को गांवों या शहरों में ठिकाने मिल जाया करते थे और वे आम आबादी के साथ ही अपने रहने का इंतजाम कर लिया करते थे, वह अब संभव नहीं हो पाता। ये आतंकी अब प्रायः जंगलों में ही अपना ठिकाना बनाते हैं। लेकिन इसी बिंदु पर खुफिया सूचनाओं के स्थानीय तंत्र पर काम किये जाने की जरूरत भी रेखांकित होती है। आतंकवादियों को रोकने और उनके नेटवर्क को तबाह करने के लिए पुख्ता सूचनाएं मिलनी जरूरी हैं और अगर इसमें लोगों का साथ मिले तो पुलिस-प्रशासन और आर्मी का काम आसान हो जाता है। इसके साथ ही, सूबे में जल्द चुनाव कराने की पहल भी की जाये, ताकि लोगों को चुनी हुई सरकार मिल सके।

**आतंकवादियों को रोकने और उनके नेटवर्क को तबाह करने के लिए पुख्ता सूचनाएं मिलनी जरूरी हैं और अगर इसमें लोगों का साथ मिले तो पुलिस-प्रशासन और आर्मी के जवानों का काम आसान हो जाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटा कर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों, बल्कि विकास की अगुआ भी हों।**

# लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहन



**संगीता रेड्डी**



जी20 एम्पॉवर वैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है।

महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की अवधारणा पेश की। भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटा कर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों, बल्कि विकास की अगुआ भी हों।

जी20 एम्पॉवर की भारत की अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर हैः शिक्षा, महिला उद्यमिता और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभ हों।

**30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है।**

शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीइएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस संपूर्ण-सरकार का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे।

महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है - यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को न केवल एक वित्तपोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा एवं उसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

दूसरा, हमने एक केपीआइ डैशबोर्ड विकसित किया है, जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नजर रख कर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु रुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं।

तीसरा, हमने एक उत्कृष्ट कार्यप्रणाली प्लेबुक बनायी है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां संकलित हैं।

चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य से जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गयी हैं।

पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवर पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवर के हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गयी है।

इन पहलों के अलावा, हमने गांधीनगर घोषणा भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है।

इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों।

30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

**(लेखिका जी20 एम्पॉवर की अध्यक्ष और फिक्की की भूतपूर्व अध्यक्ष हैं; ये उनके निजी विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# प्रगतिशील किसान की सफलता की कहानी: पारंपरिक खेती छोड़ पशुपालन व सब्जी की खेती को बनाया आमदनी का स्रोत

**झारखंड सरकार से सिंचाई समस्या का समाधान मिलने पर रोमेन पाल ने स्वयं के प्रयास से पॉली हाउस का निर्माण किया।**





आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा स्थित मुसाबनी प्रखण्ड के सुरदा पंचायत अंतर्गत उपरबांधा गांव के रहने वाले किसान रोमेन पाल का बचपन से ही खेती से जुड़ाव रही। खेतीहर परिवार होने के नाते प्रगतिशील शिक्षित किसान रोमेन पाल 4 एकड़ के पुश्तैनी जमीन में खेती को ही अपने आमदनी का स्रोत बनाया है। वे आधुनिकतम तकनीक से खेती कर अपने परिवार का ठीक ठाक तरीके से भरण-पोषण कर लेते हैं। **हेमंत सरकार में कृषि विभाग के सहयोग से सिंचाई समस्या का पाया समाधान, लीज पर जमीन लेकर उगाते हैं सब्जी।** सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण रोमेन पाल को सालों भर खेती करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब हेमंत सरकार में जिला कृषि विभाग द्वारा ड्रीप इरीगेशन सिस्टम का लाभ व आत्मा के सहयोग मिलने से सिंचाई का नियमित स्रोत उपल्बध हो गया। सिंचाई की सुविधा होने से रोमेन पाल ने अपने खेत के आस-पास दो एकड़ जमीन लीज पर लेकर गोभी, बैगन, भिंडी, सेम व अन्य सब्जियों का खेती कर रहे है। झारखंड सरकार से सिंचाई समस्या का समाधान मिलने पर रोमेन पाल ने स्वयं के प्रयास से पॉली हाउस का निर्माण किया। जिसमें सब्जी की खेती के साथ-साथ नर्सरी भी तैयार कर रहे है। आत्मा से जुड़े रहने व विभागीय योजनाओं के बारे में अपडेट जानकारी रखने के कारण रोमेन पाल कुसूम योजना के तहत सोलर आधारित सिंचाई सुविधा भी प्राप्त किया। सोलर सिस्टम लगने से सिंचाई का वैकल्पिक साधन उपलब्ध हो गया। अब सालों भर सब्जियों की खेती करते है। खेती के अलावे रोमेन पाल गाय, बकरी व मुर्गीपालन भी करते हैं। **झारखंड के किसानों के लिए प्रेरणा के स्रोत है रोमेन पाल की कहानी।** रोमेन के अनुसार स्थानीय घाटशिला के बाजार व आस-पास लगने वाले सप्ताहिक हाटों में सब्जियों का व्यापार कर सालाना अच्छी आमदनी कर लेते। खेती कार्य के प्रति निष्ठा, लगन व कृषि विभाग अंतर्गत योजनाओं से मिलने वाले लाभ के सहयोग से रोमेन खेती के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गये। रोमेन पाल वैसे किसानों के लिए प्रेरणा हैं जो जानकारी के अभाव में अच्छा नहीं कर पा रहे। कृषि विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, योजना का लाभ व उन्नत बीज भी दिया जाता है। जिले के अन्य किसान भी जागरूक होते हुए सीधा विभागीय पदाधिकारी या कार्यालय से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते। अन्य किसानी भी खेती की नई तकनीक को समझते हुए खेती कर अपनी आय दुगुना कर सकते है।

# महिला से मोबाइल छिनतई, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के बिस्टुपुर थाना अंतर्गत रामाडा होटल के पास महिला से मोबाइल छीनताई का मामला प्रकाश में आते ही हलचल मच गया। स्थानीय लोगों ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। घटना शुक्रवार सुबह की है। बताया जा रहा है महिला मोबाइल में बात करते हुए पैदल रामाडा होटल के पास जा रही थी। अचानक पीछे से एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवक ने मोबाइल छीन कर भागने लगा। बगल से गुजर रही एक परिवार ने पीछा कर युवक को कदमा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर रोड नंबर एक के पास पकड़ लिया। मौके पर स्थानीय लोग जमा होने लगे। उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुची एएसआई ने युवक को लेकर थाना में पूछताछ कर रही है। वही कदमा पुलिस के अनुसार थाना से सूचना मिलने पर पहुचे है। उन्होंने कहा युवक को पकड़ने में स्थानीय लोगों का काफी सहयोग मिला है। फिलहाल महिला से संपर्क कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** भाजपा महिला मोर्चा की बैठक शुक्रवार को भदौली पंचायत सचिवालय परिसर में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण बाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम होना है। इसके तहत गुमला जिले में भी महिला मोर्चा का 16 बिन्दुओं पर कार्यक्रम किया जाना है। साथ ही आगामी 20 सितंबर को सिसई विधानसभा अंतर्गत प्रखंड के रावण दहन मैदान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महिला मोर्चा की बैठक की गयी है। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा महिला मोर्चा में शामिल होने वाली झापा के पुर्व भरनो प्रखंड अध्यक्ष सह सीसीडीएस स्वयं सहायता समूह कोर्डिनेटर गायत्री देवी को माला व अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप चन्द्र अधिकारी ने कहा कि संकल्प यात्रा के तहत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सिसई आगमन को सफल बनाने को लेकर सिसई, बसिया, कामडारा, भरनो सहित जिला के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता पुरी तन्मयता से लगे हुए हैं। वर्तमान में राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में लुट, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, महिला अत्याचार, हत्या व अपराध का बोलबाला है। इस सरकार में राज्य की प्रगति व विकास का पहिया थम गया है। बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। राज्य की जनता के सहयोग से भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि निरंजन, लालमोहन, सोनामनी, मीना, सहित कई महिला कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

**विधायक की पहल पर ईचागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में दो दिन के लिए डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति**

# ग्रामीणों में हर्ष, हेमंत सरकार व विधायक के प्रति जताया आभार



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने ईचागढ़ के विधायक सविता महतो से आग्रह की थी। शुक्रवार को ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए स्थानीय विधायक सविता महतो के आग्रह पर कुकडु प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरुलडीह में सप्ताह में दो दिन डाक्टर की प्रतिनियुक्ति की गई। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने हेमंत सरकार व विधायक सविता महतो के प्रति आभार प्रकट की। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा लगातार ग्रामीणों की मांग पर तिरुलडीह पीएचसी में एक महिला डाक्टर जया अग्रवाल को सप्ताह के सोमवार व शुक्रवार दो दिनों के लिए पदस्थापित किया गया। ताकि ग्रामीणों को उचित स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने बताया डॉ जया अग्रवाल बीते 25 अगस्त से ही तिरुडीह पीएचसी में अपना सेवा प्रदान कर रहीं हैं। विधायक ने कहा ग्रामीणों की मांग पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने रखा गया। इसके लिए मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी गई थी।स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक को आश्वस्त किया था जल्द ही तिरुलडीह पीएचसी में डाक्टर की सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा एक जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या पर हर हाल में सहयोग करने में प्रयासरथ रहेंगे।

# पुलिस ने बाइक सहित दो आरोपी को किया गिरफ्तार



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत गौसनगर मेडिकल लाईन निवासी मंसूर अंसारी की मोटरसाईकिल बीते दिनों डोबो पानी टंकी के पास से चोरी हो गई थी। इस संबंध में मंसूर ने थाने में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने तकनीकी सहायता की मदद से कपाली के डांगरडीह शाहिद बागान के पास से आरोपी फैसल अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद फैसल के सहयोगी शेख जिलानी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद कर लिया। जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी ने बताया मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार फैसल खान कपाली टीओपी का रहने वाला है। जबकि उसके सहयोगी शेख जिलानी डेमडूबी में रहता है। फिलहाल जांच के बाद दोनो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 16 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
07

## आदिवासी छात्रा ने लगाया छेड़खानी का आरोप पुलिस ने किया प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के घाघरा गांव में बीती शाम को आदिवासी छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा ने आरोप लगाया कि थाना को आवेदन देने पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कराने पर पैसा लगेगा यह कह कर वापस लौटा दिया। समाचार के अनुसार गुरुवार की शाम को आदिवासी युवती अपने पिता व सहेली के साथ चुआडी पर पानी लेने व पोशाक साफ करने आईं थीं।वहा से लौटने के दौरान सिंदुरिया पंचायत निवासी जो वर्तमान में सेल डैम के निचे रहता है, चिलबिल के पेड़ के आने पर युवक उन्हें रोककर छेड़छाड़ करने लगा। जिसके बाद युवती अपने माथे पर लिए पानी का डेकची फेंककर युवक से भीड़ गयी। अपने आप को फंसता देख युवक भाग निकला। युवती ने घटना की जानकारी थाना को दी।सुचना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जानकारी ली।थाना प्रभारी ने युवती को सुबह थाना आकर आवेदन देने की बात कही। युवती ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब मैं अपने मां पिता के साथ आवेदन लेकर थाना पहुंची तो थाने में पदस्थापित पदाधिकारी ने कहा प्राथमिकी दर्ज कराने पर पैसा लगेगा इससे अच्छा सुलह करने के सलाह देकर वापस भेज दिया। वहीं इस बाबत थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा पिंडिता केस नहीं करना चाहती है। जबकि पीड़िता ने कहा प्राथमिकी दर्ज करवाना चाहते हैं लेकिन पुलिस पैसा लगेगा कहकर वापस भेज दी।हमलोग गरीब है पैसा कहां से लायेंगे। पीड़िता ने बताया कि थाना में आवेदन देकर लौटे तो आरोपी हमारे घर पर आकर धमका रहा था।

## गढ़वा ने सरायकेला को 1-0 से पराजित किया



रमकंडा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिले में चल रहे झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को रमकंडा के बैरिया में गोड्डा बनाम सरायकेला की टीम के बीच क्वाटर फाइनल का मैच खेला गया। इस मैच में सरायकेला को 1-0 से पराजित कर गोड्डा की टीम अगले चक्र में पहुंचा. इस दौरान प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार गोड्डा के इमरान अंसारी को दिया गया। इसके पूर्व इस मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि रंका एसडीओ रामनारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ इस खेल को खेलने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड बिसूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा, समाजसेवी अशोक गुप्ता, एसआई रोबिनसन मुंदरी, मुखिया विनोद प्रसाद, मुखिया ललिता लकड़ा, पति शिवलखन लकड़ा, बीडीसी नसीम अंसारी, इम्तियाज अहमद, युवा नेता लालमोहन रमकंडा पंचायत अध्यक्ष अली राजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जय मां शेरावाली संघ परिवार ने की शोकसभा



गढवा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा में बीते दिनों अल्प आयु में आकस्मिक तीन लोगों की मृत्यु से मर्माहट संघ परिवार ने मृत आत्मा के शांति के लिए भगलपूर मुहल्ला स्थित मुकेश मेहता के आवास पर शोक सभा कर दो मिनट का मौन धारण रखा और दु:ख वक्तय किया मौके पर दौलत सोनी ने कहा कि टंडवा में बीते दिनों हृदय विधारक घटना से पूरे टंडवा वासी मर्माहत है। क्योंकि एक नहीं तीन-तीन लोगों के आकस्मिक मृत्यु से लोग पूरी तरह से दुखी है। पहली घटना में मौत करंट लगने से बिद्धू माली की हुई। वही दूसरी घटना में भगलपुर निवासी अरुण कुमार साव की मौत सड़क दुर्घटना में हुई। जबकि तीसरी घटना में हृदय घात से नन्दू गुप्ता की मौत हुई। मौके पर गढवा जिला कानू समाज के जिला अध्यक्ष राम बहादुर शाह ने अपील किया कि नए उम्र के बच्चे यदि दो चकिया मोटरसाइकिल वाहन चलाते हो तो वह सावधानीपूर्वक चलाएं साथ ही हेलमेट का यूज जरूर करें। मौके पर संत प्रसाद गुप्ता, मदन साह, मुकेश मेहता, संतोष साह, सुभाष गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



सगमा (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी नागेन्द्र यादव के 22 वर्षीय पुत्र बिदवनत कुमार यादव की मौत बेस्ट बंगाल कलकत्ता रानाघाट में बिजली करेंट के चपेट में आने से हो गया। जानकारी अनुसार बिदवनत कुमार यादव पिछले कुछ माह पूर्व वेस्ट बंगाल कोलकाता के राणाघाट में के सी सी लिमिटेड कंपनी में कार्य करता था जो जो प्रत्येक दिन की भांति शुक्रवार को भी काम पर गया ईसी बिच मशीन के बाइंडर तेंतीस हजार बिजली के प्रवाहित करंट में शट जाने से घटनास्थल पर ही बिदवनत कुमार की मौत हो गयी बिदवनत कि शवर अपने पैतृक गांव सगमा शनिवार को दोपहर तक आने की संभावना है इधर मौत की सूचना पाकर परियों के रो-रो कर बुरा हाल हुआ है।

## रंका में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड परिसर में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, वर्तमान अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी, निवर्तमान अंचल पदाधिकारी शंभू राम, रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (रेफरल) के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काट कर शुभारम्भ किया। 15 सितंबर को रंका प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 364 लोगों को रजिस्ट्रेशन कर जांचोपरांत इलाज किया जा चुका है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभाग के डॉ गोरखनाथ पांडेय, बीपीएम सुधीर कुमार, बीस सूत्री उपाध्याय कार्तिक पांडेय, मनोज कुमार, सुनिल, सहिया, एएनएम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अंतर जिला प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच बोकारो और रांची टीम के बीच खेला गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा स्थानीय रामा साहू उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को आयोजित अंतर जिला प्रतियोगिता के सेमी फाइनल के मैच बोकारो और रांची टीम के बीच खेला गया। जिसमें रोमांचक मैच में बोकारो की टीम और रांची की टीम फस्ट हाफ में दो दो गोल से बराबर थे। इस प्रकार बोकारो की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। इससे पहले शुक्रवार के मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों का परिचय पत्र प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में फुटबॉल का मैच आयोजित किया जा रहा है। यह जिले के लिए गौरव की बात है। पहली बात इस तरह का आयोजन गढ़वा के धरती पर हो रहा है। रामा शाहू स्टेडियम में मैच को देखने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष सह सदर एसडीओ राज महेश्वरम, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, मैच कमिश्नर मोहम्मद फरीद उपस्थित थे।

### रंका में गाय, बैल, बकरी में विभिन्न प्रकार की फैली बीमारी

# एक पशु चिकित्सक के भरोसे चल रहा है काम, पशुपालक हैं परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड में इन दिनों गाय, बैल, बकरी आदि में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैली हुई है। इस मौसम में पशुओं में होने वाली बीमारियों में चेचक, पतला दस्त, जख्म, सांस फूलना आदि अक्सर देखा जा सकता है। चेचक से पशुओं को बुखार और फिर जख्म हो जाती है जिसे देखभाल ध्यान नही दिया गया तो जख्म बढने का डर बना रहता है। गाय बैलों में सांस बढने वाली बीमारी भी देखा जा सकता है। बकरियों में पेट झरने तथा पतला दस्त की बीमारी चल रही है जो जल्द ठीक नहीं होती है। रंका प्रखंड की बात नहीं बल्कि रंका अनुमंडल स्तर पर मात्र एक पशु चिकित्सक के भरोसे विभाग चल रहा है। इस स्थिति में एआई पाल सीमेंन डालने वाले पशु कर्मियों की चांदी कट रही है। ये पाल सीमेंन डालने वाले एआई पशु कर्मचारी अपने को सरकारी डॉक्टर कहकर प्रचारित करते हैं और भोले भाले पशु पालकों को झांसे में डाल कर इलाज करते हैं। इस स्थिति में पशु भगवान भरोसे ठीक हो गया तो ठीक नहीं तो पशुओं की मौत हो जाती है। ऐसा ही मामला रंका प्रखंड के जोलंगा गांव में देखने को मिला है। उक्त गांव निवास बाबूलाल राम का एक तगड़ा बैल की मौत सांस फूलने से हो गयी। इस बैल का इलाज एक एआई पाल सीमेंन डालने वाले पशु कर्मी के द्वारा किया गया किंतु बैल नहीं बच सका और उसकी मौत हो गयी। हालांकि पशु पालक बाबूलाल राम ने अपना नसीब समझ कर इलाज करने वाले के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाई नहीं किया है। इसके संबंध में रंका प्रखंड प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ रंजीत डे ने बताया कि वे रंका, रमकंडा, चिनियाँ, बड़गड़ और भंडरिया जो रंका अनुमंडल के पांच प्रखंड शामिल हैं, इन सभी प्रखंडों के लिए एक मात्र चिकित्सक प्रतिनियुक्त हैं। जिसमें वे समय सारणी के अनुसार सभी इन पांचों प्रखंडों में सेवा देते हैं। अब रही बात कि जब तक सरकार पशु चिकित्सकों की नियुक्ति नही करतीं हैं तब तक पशु पालक यही स्थिति भूगतने को विवश रहेंगे। सरकार को शीघ्र पशु चिकित्सकों की बहाली करनी चाहिए ताकि पशु पालकों को क्षति नहीं उठाना पड़े।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत, चार बच्चे हुए अनाथ

### चार माह पूर्व बिजली पोल पर काम करने के दौरान करंट लगने से हुई थी पति की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव के समीप से गुजरने वाली गढ़वा-चोपन रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह में एक अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत मालगाड़ी की चपेट में आ जाने आने से हो गयी। जानकारी के अनुसार सोहबरिया गांव की पानपति कुवंर 40 वर्ष रोज की तरह वह आज भी अपने घर से रेलवे गेट नंबर 26 को पार कर अपने भंडार पर गाय बैल को चारा खिलाने जा रही थी इसी दौरान वह एक मालगाड़ी के चपेट में आ गयी। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

**चार बच्चे हुए अनाथ**

बता दें कि 4 माह पूर्व पानपति कुंवर का पति शंभू चौधरी की मौत बिजली पोल पर काम करने के दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गयी थी। मृतक महिला के तीन पुत्र तथा एक पुत्री है। माता-पिता का साया उठ जाने से बच्चे पूरी तरह से अनाथ हो चुके हैं। पिता के बाद मां की मृत्यु से बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना गांव में जंगल की आग की तरह फैल गयी और देखते-देखते वहां सैकड़ो की भीड़ जमा हो गयी। मुखिया मनदीप सिंह सहित गांव के अन्य गणमान्य लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया तथा शव को उठाने में सहयोग किया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार दलबल के साथ और जीआरपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

# बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत हिंदी भाषा से करानी चाहिए : केएन पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच द्वारा गुरूवार की शाम हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलॉडी मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी-भारत की आत्मा विषय पर संगोष्ठी सह काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडेय, विशिष्ट अतिथि पातंजलि योग समिति के प्रदेश प्रभारी रासबिहारी तिवारी व अन्य रचनाकारों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत मंच के कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने निरालाजी रचित वर दे वीणावादिनी वर दे...सरस्वती वंदना के सस्वर पाठ से किया. इसके बाद उपस्थित रचनाकारों ने विषय पर अपने-अपने विचार रखते हुये हिंदी की विशेषताओं और वर्तमान परिस्थिति में इसकी स्थित पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने कहा कि हिंदी कोई नया शब्द नहीं है। हिंदी हिंदवी शब्द का अपभ्रंश है। हिंदी व्यक्ति के हीन भावनाओं का दमन करती है और सकारात्मक भाव उत्पन्न करती है। भारतेंदू हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों की पढ़ाई की शुरूआत मातृभाषा से करानी चाहिये। हम अपनी मातृभाषा हिंदी को सम्मान देकर ही इसे उचित स्थान दिला सकते हैं। इस मौके पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है। हम हिंदी को प्रतिष्ठापित करके ही भारत को विश्वगुरू बना सकते हैं। गोष्ठी में सेवानिवृत अधिकारी अजय शुक्ला, पेंशनर कल्याण समाज के जिलाध्यक्ष केके यादव, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुये हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। विषय प्रवेश संस्था के अध्यक्ष विनोद पाठक ने कराया। इस मौके पर लायंस क्लब के रामनारायण गुप्ता, सुभाष प्रसाद केसरी, शशिशेखर, चंदन गौड़ सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेला का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में आज प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचलाधिकारी शंभू राम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, डॉ कुलदेव चौधरी, डॉ गोरखनाथ पांडेय व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान मेला का निरीक्षण करने पहुंचे सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह भी रंका पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य मेला में लगाये गये सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। सभी प्रखंडों में 14 से 18 अगस्त तक स्वास्थ मेला का आयोजन करना है। उन्होंने बताया की इस दौरान स्वास्थ्य मेला में 260 की संख्या में मरीजों का निशुल्क जांच किया गया वहीं सबों के बीच दवाओं का भी वितरण किया गया जा रहा है। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार ने बताया की इस मेला में 260 मरीजों की जांच की गयी तथा 30 आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

### दो माह के लिए अंगूठा लगवा कर दे रहे एक माह का राशन

# पिपरीकला बाजार में जम कर किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** प्रखंड के पिपरी खुर्द में जन वितरण प्रणाली दुकान कस्तूरबा स्वयं सहायता समूह द्वारा दो माह का राशन अंगूठा लगवा कर एक माह का राशन देने को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को पिपरी कला बाजार में जमकर विरोध किया। ग्रामीण सुनैना देवी, सलमा बीबी, अनारकली कली, पटिया देवी, कुंती देवी, तेतरी कुँवर, खुसीर्दा बीबी, सरिता देवी, रजपतिया देवी, लक्ष्मण बैठा, कल्दीप राम, चुटुर बैठा, अशोक चनाद्रवंशी, मुखलाल बैठा, मोसाफिर अंसारी ने आरोप लगाया है कि कस्तूरबा स्वयं सहायता समूह जनवितरण प्रणाली दुकान द्वारा अगस्त व सितम्बर माह का लाभुको का अंगूठा लगवा कर केवल एक माह सितंबर का राशन दिया जा रहा है। वही दोनों माह पर्ची निकाल कर डीलर अपने पास रख ले रहे है। लाभुकों को पर्ची नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की आगस्त माह में जब राशन लेने डीलर के पास गये थे। तो डीलर ने बताया कि अगस्त माह का राशन लैप्स हो गया है। और सरकार द्वारा राशन नही दिया गया है। जिस कारण अगस्त माह का राशन नही मिलेगा। मालूम हो की प्रखंड में सभी जन वितरण प्रणाली दुकान पर राशन वितरण को लेकर प्रखंड कर्मी का प्रतिनियुक्ती किया गया है। कर्मी के देख रेख में ही सभी डीलरों को राशन वितरण करना है। लेकिन नियुक्त कर्मी राशन दुकान पर नही रहने के कारण लाभुकों को राशन लेने में असुविधा हो रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर विशुनपुरा खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निधी रजवार ने बताया की जिस माह का पर्ची निकाली जा रही है। उस माह का पर्ची व राशन लाभुकों को देना है। और सभी डीलरों को अगस्त व सितंबर माह का राशन दे दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया की उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड में सभी जन वितरण दुकान पर कर्मी का प्रतिनियुक्ती कर दिया गया है।

## राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने सड़क जाम की



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत परसवान गांव के लाभुकों ने राशन नहीं मिलने को लेकर सड़क जाम किया। थाना और मुखिया के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि लक्षीत जन वितरन प्रणाली की डीलर विमला देवी के द्वारा पिछले दो माह से राशन नहीं दिया गया है। और इस माह में प्रव्यक्ति एक किलो राशन कम दिया जा रहा है। लाभुक राजकुमार मेहता का कहना है कि अगस्त माह का राशन नहीं मिला है और चार सदस्यो को 20 किलो मिलना चाहिए लेकिन डीलर के द्वारा 15 किलो ही दीया जा रहा है। वही डीलर विमला देवी का कहना है कि ब्लॉक से ही राशन कम मिला है। तो मैं कहां से पूरा राशन दे सकती हूं। आगे से राशन मिलेगा तो मैं वितरण करूंगी। मौके पर सुरेंद्र कुमार सिंह, इम्तियाज अंसारी, सरोज देवी, जसुमति देवी, रीना देवी, अनीशा खातून, जयकांत कुमार सहित सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

## रंका अंचल पदाधिकारी के रूप में शिवपूजन तिवारी ने लिया पदभार



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अंचल पदाधिकारी के रूप में शुक्रवार को शिवपूजन तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचल पदाधिकारी के रूप में शंभू राम ने वर्तमान अंचल पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी को पदभार सौंपा। इस अवसर पर शंभू राम ने शिवपूजन तिवारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात शंभू राम को अंचल कर्मियों ने गिफ्ट के रूप में विभिन्न सामग्रियों से भरी सूटकेस देकर विदाई दी। इस अवसर पर रंका प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रजापति, राजस्व उप निरीक्षक विकास कपरदार, अनील कुमार, परमानन्द गुप्ता, निलेश तिवारी, अंचल अमीन राजकिशोर तिवारी, निर्मला कुजूर, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी , उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में 20 नि: संतान दंपतियों की जांच की गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में स्त्री रोग और बांझपन रोगियों के उपचार के लिए नि: शुल्क स्वस्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे डॉक्टर सौम्या सिन्हा, स्त्री रोग विशेषज्ञ और बांझपन रोगियों के उपचार की विशेषज्ञ ने कई संबंधित रोगियों की जांच की। बताते चलें कि पुरुषों और महिलाओं में किसी भी तरह के रोग जिनके कारण से नि: सन्तानता हैं इस प्रकार के दंपतियों के उपचार के लिए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में प्रत्येक माह निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में आज कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 दंपतियों ने नि: संतानता जांच शिविर में डॉक्टर सौम्या सिंह से परामर्श लिया। मौके पर परमेश्वरी मेडिकल सेंटर की एस्क्यूटिव डायरेक्टर सह महिला रोग विशेषज्ञ डॉ नीतू सिंह भी मौजूद थीं।

## महिला चिकित्सकों के बीच सीएमइ का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय चिनिया रोड के होटल वीनस इंटरनेशनल में गढ़वा जिले के महिला चिकित्सको के द्वारा कंटिनियस मेडिकल एजुकेशन का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम को डॉ सौम्या सिन्हा (आईवीएफ स्पेशलिस्ट और लेप्रोस्कोपिक सर्जन, रांची) ने बांझपन के उपचार & नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। स्त्रियों में हो रही बांझपन संबंधी समस्याओं को ठीक करने के लिए विभिन्न प्रकार की लेप्रोस्कोपिक विधि और नयी दवाइयां के बारे में चर्चा की गयी। कार्यक्रम में गढ़वा शहर के महिला चिकित्सको ने भाग लिया, जिसमें डॉ नीतू सिंह, डॉ महेरु, डॉ रागिनी, डॉ पुष्पा सहगल, डॉ पूजा, डॉ सुष्मिता, डॉ माया , डॉ पुष्पा & डॉ स्नेहलता मुख्यरूप से उपस्थित थीं। सभी चिकत्सको ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक को धन्यवाद दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ**

**सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़ अन्तर्गत प्रकाशित निविदा सूचना संख्या : 7/2023-24 जिसका PR No. 306819 Drinking Water and Sanitation (23-24).D है जो रामगढ़ जिला के माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रुप संख्या 8 में प्रकाशित निविदा, ग्राम – जोबला (नीचे टोला) में लालजी मांझी के घर से ईमली पेड तक गार्डवाल का निर्माण कार्य को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ

PR 307098 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**न्यायालय उपायुक्त, खूँटी**

**आम सूचना**

पत्रांक ............../वि0
दिनांक ......................

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अपर समाहर्त्ता, खूँटी के विभिन्न पत्रांकों द्वारा बिहार (झारखण्ड) भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4(h) के तहत कार्रवाई करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक–26.09.2023 को पूर्वाहन 10.30 बजे उपायुक्त, खूँटी के न्यायालय में निर्धारित है। उक्त मुकदमें/वाद में आपको कुछ कहना है तो स्वयं अथवा विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तिथि को निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा अभिलेख में संलग्न कागजातों के आधार पर एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जाएगा। वाद संख्या, विपक्षी का नाम, पता एवं जमीन की विवरणी निम्न है :–

| क्र0 सं0 | वाद सं0 | विपक्षी का नाम | पता | अंचल का नाम | थाना नं0 | मौजा | खाता नं0 | प्लॉट नं0 | रकबा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/17 | लुपूंग लोहार, पिता अचु लोहार | ग्राम–गोड़ाटोली, थाना–मुरहू, जिला–खूँटी | मुरहू | 46 | गोड़ाटोली | 59 | 1740 | 0.03 एकड़ |
| 2 | 454/17 | बुधवा प्रधान पे0–गंदुरा प्रधान | ग्राम–गम्हरिया, थाना–मुरहू, जिला–खूँटी | मुरहू | 263 | गम्हरिया | 110/72 | 692/1 | 3.25 एकड़ |
| 3 | 366/17 | गब्रियल चीक पे0–गनु चीक | ग्राम–गुटूहातु, थाना–तोरपा जिला–खूँटी | तोरपा | 77 | गुटूहातु | 93/5 | 1439/21 9 | 12.00 एकड़ |
| 4 | 341/17 | दुगलू मुण्डा, पे0–बैला मुण्डा | ग्राम–हुसिर,थाना–तोरपा, जिला–खूँटी | तोरपा | 32 | हुसिर | 46/2 | 2575 | 4.62 एकड़ |
| 5 | 173/19 | लुकस मुण्डा, पे0–जोसेफ मुण्डा | ग्राम–कुम्हारडीह थाना–मुरहू जिला–खूँटी | मुरहू | 297 | कुम्हारडीह | 118 | 271 | 2.00 एकड़ |
| 6 | 205/19 | हिरू पुर्ती पे0–जिया हस्सा पुर्ती | ग्राम–कुम्हारडीह,थाना–मुरहू, जिला–खूँटी | मुरहू | 297 | कुम्हारडीह | 118 | 245/18 | 2.00 एकड़ |
| 7 | 295/17 | मंगल मुण्डा पे0–रामु मुण्डा | ग्राम–लतौली, थाना–तोरपा जिला–खूँटी | तोरपा | 73 | लतौली | 208 | 1203 | 2.38 एकड़ |
| 8 | 251/17 | आनंद मसीह मुण्डा पे0–सामुएल मुण्डा | ग्राम–लतौली, थाना–तोरपा जिला–खूँटी | तोरपा | 73 | लतौली | 208/5 | 865 | 0.50 एकड़ |
| 9 | 02/17 | रामउजागीर पाण्डेय पे0–जीतनारायण पाण्डेय | ग्राम–गोड़ाटोली, थाना–मुरहू जिला–खूँटी | मुरहू | 46 | गोड़ाटोली | 58 | 450 | 0.06 एकड़ |
| 10 | 370/17 | एतवा मुण्डा पे0–फगुवा मुण्डा | ग्राम–गम्हरिया, थाना–मुरहू जिला–खूँटी | मुरहू | 263 | गम्हरिया | 110/51 | 485/20 | 4.00 एकड़ |
| 11 | 4/17 | सिमोन मुण्डा पे0–सिमराय मुण्डा | ग्राम–गोड़ाटोली, थाना–मुरहू जिला–खूँटी | मुरहू | 46 | गोड़ाटोली | 59 | 258 | 0.10 एकड़ |
| 12 | 371/17 | चरका मुण्डा पे0–कंदरू मुण्डा | ग्राम–गम्हरिया थाना–मुरहू जिला–खूँटी | मुरहू | 263 | गम्हरिया | 110/50 | 485/19 | 4.00 एकड़ |

यह नोटिस आज दिनांक–05.09.2023 को उपायुक्त महोदय खूँटी के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर के साथ निर्गत किया गया।

इसे सख्त ताकिद जाने।

PR 307042 (District)23-24*D

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा,खूँटी

### एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

## डायन बिसाही मामले में महिला की हत्या का पुलिस ने किया उद्भेदन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सिसई थाना अंतर्गत सेमरा हर्रा टोली में बुधवार को डायन बिसाही मामले में महिला की हुई हत्या का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए आरोपी सेमरा हर्रा टोली निवासी 25 वर्षीय विनोद खड़िया पिता स्वर्गीय फागु खड़िया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार करते हुए बतलाया कि अपने माता प्रभा देवी के अचानक बीमार होने और उसकी मृत्यु हो जाने पर गांव के ही फगनी देवी पर भूत प्रेत करने के संदेह में घात लगाकर टांगी से हमला कर और गला रेत कर हत्या कर दिया था। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून लगा टांगी को आरोपी के निशानदेही पर जप्त कर लिया मामले में मृतक महिला के पति झुनकू खड़िया ने सिसई थाना में अज्ञात अपराधी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। वही कांड का उद्भेदन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। तत्पश्चात कांड के उद्भेदन हेतु सभी बिंदुओं पर गहनता पूर्वक छानबीन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में सम्मिलित आरोपी को गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, बसिया पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल, थाना प्रभारी सिसई आदित्य कुमार चौधरी, निकेतन कुमार एवं सिसई थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

## पूर्व विधायक स्व चंद्रेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक स्व. चंद्रेश उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच प्लस टू हाई स्कूल के स्टेडियम में आयोजित किया गया। जहां पर उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि स्वर्गीय चंद्रेश के पुत्र समाजसेवी प्रवीण उरांव अंचलाधिकारी धनजय पाठक, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, थाना प्रभारी कुंदन सिंह के द्वारा मैच का उद्घाटन फीता काटकर एवं बोल को किक मारकर किया गया। मौके पर प्रवीण उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस कमेटी का आभार व्यक्त करता हूं जिनके द्वारा बिशुनपुर के पूर्व विधायक स्वर्गीय चंद्रेश उरांव जी के स्मृति में यह टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट आज से 4 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था जो धीरे-धीरे बेहतर खेल कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कमेटी के द्वारा अगले वर्ष इससे भी बड़ा टूनार्मेंट करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी धनंजय पाठक ने कहा गया कि सभी खिलाड़ी खेल की भावनाओं से खेल खेले हार जीत खेल में होना निश्चित है परंतु आप अपना बेहतर खेल का प्रदर्शन करें। वही प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होने से बिशुनपुर जैसे पिछड़ा क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है। यह आयोजन निश्चित तौर पर बिशुनपुर के खिलाड़ियों के लिए बेहतर साबित होगा। मौके पर उद्घाटन मैच एसटी जे एच बनरी बनाम नेतरहाट के बीच खेला गया जिसमें बनरी ने 4,0 गोल से बढ़त बनाया वहीं बालिका टीम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बिशुनपुर बनाम विमरला के बीच खेला गया। जहां कस्तूरबा विद्यालय को बिमरला की टीम हरा कर बढ़त बनाया।

## जिप अध्यक्ष ने किया स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अनिल साहु,विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव,प्रमुख मीना देवी, बीससूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी,सीओ अरुणिमा एक्का,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता मिंज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में नेत्र जांच, बीपी, रक्त जांच, सुगर, किशोरी संबंधित रोग सहित कई स्टॉल लगाया गया था। जहां स्वास्थ्य मेला का लाभ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संबंधित स्टॉल से मुफ्त जांच व इलाज कराया और मुफ्त दवा वितरण केन्द्र से दवा प्राप्त किया। इस दौरान अतिथियों ने नवनिर्मित कुपोषण उपचार केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आयुष चिकित्सा प्रभारी डॉ नाजिया परवीन, बीपीएम नवीन, लैब टेक्नीशियन विजय कुमार, ललित, अभिमन्यु, सहित सभी चिकित्सक, एएनएम, सहिया, कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुमला सहित देश भर के मिट्टी कलश से दिल्ली में बनेगी अमृत वाटिका



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजय मुंडा ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत देश भर के 75 सौ गांवों के मिट्टी कलश से दिल्ली के शहीद स्मारक के सामने अमृत वाटिका का निर्माण होगा। उक्त बातें शुक्रवार को गुमला के संकट मोचन मंदिर अंबेराडीह, चरकाटांगर, कोयनारा और रायडीह के कुलमुंडा से मिट्टी कलश संग्रह करने के बाद अजय मुंडा ने यह जानकारी दी। कहा कि मेरा माटी मेरा देश अभियान का मकसद शहीदों को सम्मान देना है। प्रदेश मंत्री के साथ किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता भी शामिल थे। भोगता ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी ने नौ अगस्त को यह अभियान की शुरूआत की है। अंबेराडीह संकट मोचन मंदिर में बजरंग दल के उपाध्यक्ष उगेन्द्र सिंह, चरकाटांगर में ग्राम प्रधान चंदा महतो, कोयनारा शिव मंदिर से पुजारी बीरेन्द्र पांडेय और कुलमुंडा से सहदेव बैगा व रामदेव बैगा द्वारा मिट्टी कलश प्रदान किया गया। इस अवसर पर वीर कुंवर नाग, चुंदा खड़िया, फगुवा खउय़िा, सीताराम बड़ाईक, सीमा देवी, भरत प्रधान आदि शामिल थे।

### आंगनबाड़ी निर्माण योजना में धड़ल्ले से चल रही है कमीशनखोरी

# पैसे के अभाव में निर्माण कार्य रुका, कार्य नहीं कमीशन को दी जा रही है प्राथमिकता

**दो नंबर का ईट लगाकर जोड़ाई की जा रही है।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा स्थित गम्हरिया में हो रहे आंगनबाड़ी निर्माण योजना में कमीशन का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। बाजार में ये खबर भी तैर रही है कि मात्र 2 लाख की राशि में 50 हजार रुपये का कमीशन काट लिया गया है। इधर योजना के लिए राशि कम पड़ी तो योजना में खूब भ्रष्टाचार किया जा रहा है। भवन निर्माण में घटिया ईंट, एसआरओ से हटकर घटिया छड़ के अलावे प्रकालन के विपरीत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। दो नंबर का ईट लगाकर जोड़ाई की जा रही है। साथ ही साथ लोकल कंपनी का छड़ लगा दिया गया है। नाम नही छापने की शर्त पर एक जानकार व्यक्ती ने बताया कि जहां पर बीम लगाना था उस जगह पर बीम नहीं लगाकर 2 इंच की ढलाई करके निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

**निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनियमितता**



### 50 हजार ले लिया गया घुस, तो कैसे आयेगी निर्माण में गुणवत्ता : मुखिया

इस संबंध में मुखिया राजकुमार भगत से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 2 वार्ड सदस्य के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। 2 लाख का भुगतान भी हुआ है। जिसमें 50 हजार रॉयल्टी, जीएसटी और कर्मियों के कमीशन के रूप में काट लिया गया। डेढ़ लाख ही लाभुको मिला जिसके चलते ही घटिया निर्माण से कार्य पूर्ण किया जा रहा है।

### अभियंता की ड्यूटी है गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना : पंचायत सेवक

पंचायत सचिव कलेश्वर साहू से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैने कोई पैसा नहीं लिया है। यह कह कर भागने लगे। साथ ही उन्होंने कहा कि घटिया निर्माण हो रहा है, उसको देखने के लिए इंजीनियर हैं,मैं नहीं। मेरा काम योजना का भुगतान करना है।

### जांच में दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आप लोगों के माध्यम से इस पूरे मामले की जानकारी हुई है, मामला काफी गंभीर है। इस पर हम जांच कराएंगे। निश्चित रूप से जो भी दोषी होगा। सख्त से सख्त कार्रवाई किया जायेगा। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त निर्माण कराने की भी बात कही है।

## स्वास्थ्य मेला में, 558 मरीजों की हुई जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिशुनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड, स्वास्थ्य चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ धर्मनाथ ठाकुर संचालन राकेश रंजन कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव एवं आगंतुक अतिथियों का स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुके देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर



कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रमुख ने कहा कि सरकार का एक बेहतर प्रयास है जिससे प्रखंड के सुदरवर्ती क्षेत्र के आम ग्रामीण आसानी से अपना स्वास्थ्य जांच कर दवा ले सकेंगे। निश्चित रूप से क्षेत्र की जनता को लाभ होगी।

स्वास्थ्य मेला में लगाए गए विभिन्न रोग से संबंधित स्टॉल । जैसे सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, कुष्ठ निवारण, आंखों की जांच, मोतियाबिंद जांच, पोषण परामर्श, टीकाकरण, मलेरिया, फाइलेरिया नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, संचारी गैर संचारी रोग, कैंसर नियंत्रण, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श, व्यक्तिगत पर्यावरणीय स्वास्थ्य, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य, भारतीय चिकित्सा आयुर्वेद, यूनानी, योगा, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ सहित शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। स्वास्थ्य मेले में कुल 558 मरीजों की जांच की गयी। अन्य मरीज की जांचकर दवाई दी गयी। इस मौके पर डॉ एलीना रूपा डॉ त्रिदेवानंद पटेल डॉ रेनू तिर्की मुखिया रामप्रसाद मुकेश संतोष शर्मा सहित तमाम को सीएचओ और स्वस्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बाल संसद का किया गया गठन

**आजाद सिपाही सवांददाता**

**घाघरा।** घाघरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बाल संसद का गठन शुक्रवार को किया गया। इस क्रम में विद्यालय के सभी बच्चियों की बैठक की गई। इस चयन कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय की वार्डेन करुणा कुल्लू ने बाल सांसद के उद्देश्य और कार्य करने का तरीका सुझाते हुए कहा कि चयनित सभी बच्चियां अपने पद का बखूबी निर्वहन करते हुए अनुशासन में रह कर कार्य का निष्पादन करेंगे। जिससे कि नेतृत्व करने की क्षमता के साथ-साथ अन्य प्रकार का प्रशिक्षण मिल पायेगा। इस मौके पर वार्डेन करुणा कुल्लू, सहायक शिक्षिका अफसाना खातून, सहित विद्यालय के अन्य कर्मी व छात्राएं मौजूद थीं।

### बाल सांसद में इनके नाम हैं शामिल

बाल सांसद का चयन सर्वसम्मिति से बच्चों ने किया। जिसमें प्रधानमंत्री पद पर सुलेखा कुमारी, अध्यक्ष गायत्री कुमारी, शिक्षा मंत्री प्रीति कुमारी, खेल मंत्री पूजा कुमारी, सांस्कृतिक मंत्री खुशबू कुमारी, खाद्यान्न मंत्री रश्मि कुमारी, अनुशासन मंत्री संगीता कुमारी, वित्त मंत्री सोनी कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री खुशबू कुमारी, सफाई मंत्री हेमा कुमारी, जल मंत्री एनिमा कुमारी, बागवानी मंत्री संजना कुमारी के नाम शामिल है।

## स्वस्थ ग्रामीणों से ही बनेगा स्वस्थ भारत: बसंती डुंगडुंग



**बसिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल बसिया परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, कामडारा सीओ दीप्ति प्रियंका कुजुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित बसंती डुंगडुंग ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि लोग स्वास्थ्य मेला में आकर अपनी स्वास्थ्य से सम्बंधित सभी प्रकार की समस्याओं का निराकरण करे, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया स्टॉल लोगो को जागरूक करने में मिल का पत्थर साबित होगी। स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य से सम्बंधित अनेक स्टॉल लगाया गया है जिसमे लोगो को स्वास्थ्य से सम्बंधित सभी प्रकार का लाभ दिया जायेगा। साथ ही इस स्वास्थ्य मेला के माध्यम से लोगो को जागरूक भी किया जायेगा ताकि लोग रेफरल अस्पताल में आकर इसका अधिक से अधिक लाभ ले सकें। अतिथियो द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी मुआयना किया गया।

# चोरों की शरणस्थली है बसिया थाना क्षेत्र, चोरी कीजिए आराम से रहिए

**बसिया थाना क्षेत्र में चोरी की घटना में बढ़ोतरी, पुलिस नाकाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** ये बसिया थाना क्षेत्र है। यहां न तो चोरी या छिनतई रुकती है, और न चोरी छिनतई करने वाले अपराधी पकड़े जाते हैं। और सीधी सी बात है अपराधी जब पकड़े नही जायेंगे तो अपराध तो बढ़ेगा ही। बसिया थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नही ले रही है। एक मामला फिर बसिया थाना अंतर्गत कोनबीर की है प्राप्त जानकारी अनुसार कोनबीर निवासी अवधेश सोनी 13 सितंबर को अपनी महिंद्रा बोलेरो जेएच 07डी 0943 को रात्रि दस बजे अपने घर के सामने लगाकर सोने चले गये। दूसरे दिन सुबह 4 बजे उठकर जब बाहर देखे तो अपनी बोलेरो को गायब पाया और अपने स्तर पर खोजबीन करने पर भी जब पता नही लगा तब इसकी सूचना बसिया पुलिस को दी गयी ओर बसिया पुलिस द्वारा इसकी गाड़ी की खोजबीन की जाने लगी। वही दूसरी ओर पालकोट थानांतर्गत टेंगरिया के ग्रामीणों ने लावारिस हालत में एक बोलेरो को देखकर इसकी सूचना पालकोट थाना को दी जिसके बाद पालकोट थाना द्वारा बसिया थाना को दी गयी और ततपश्चात बसिया थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआई मंटू कुमार, भानु भारती सशस्त्र बल के साथ बोलेरो गाड़ी को जप्त कर बसिया थाना लाया गया। जब्त बोलेरो गाड़ी अवधेश सोनी का ही निकला। दरअसल इसे चोरों की दरियादिली कहे या ऊपर वाले में मेहरबानी। गाड़ी में डीजल खत्म हो जाने के कारण चोरों द्वारा बोलेरो गाड़ी को पालकोट थानांतर्गत टेंगरिया कोरकोटोली बाजार टॉड के पास छोड़ कर भाग गये जिसे लावारिस हालत में बाद में ग्रामीणों की सूचना पर बसिया पुलिस द्वारा जप्त कर बसिया थाना लाया गया। हालांकि पूर्व की भांति इसमें भी चोर फरार होने में सफल रहे और पुलिस खाली हाथ मलते रह गयी। **पूर्व के मामले के उदभेदन में पुलिस नाकाम:** बसिया थाना क्षेत्र में हो रही चोरी और छिनतई के मामलों में पुलिस केवल पीड़ितों को मामले के उदभेदन का आश्वासन ही दे रही है वही दूसरी ओर अपराधी पुलिस को चुनौती देते हुए लगातार चोरी छिनतई जैसे अपराध करते जा रहे है। विगत 14 अगस्त को कोनबीर में एक महिला से सोने की बाली जिसकी शिकायत थाना में नही की गयी, 16 अगस्त को बसिया के विनोदिनी देवी के घर घुसकर गले के चेन छिनतई मामले,17 अगस्त रात्रि को थाना गेट के सामने बसिया सीओ के चालक के ट्रैक्टर के बैटरी चोरी, 4 सितंबर को तुरीबीरा में सोलर जलमीनार का स्टार्टर और दसई टोली में स्टार्टर के तार की चोरी कर ली गयी। पुलिस को किसी भी मामले में अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। **क्षेत्र के लोग खासकर महिलाएं दहशत में** चोरी और घर घुसकर छिनतई करने के बाद क्षेत्र के ऐसी महिलाएं जो दिन में घर पर अकेले रहती है आजकल दहशत में जीने को मजबूर है। किसी के आने पर वे पहले पूरी तरह आंगतुक के बारे सबकुछ जानकारी प्राप्त करने के उपरांत ही गेट खोलती है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## विवाहित महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश कर भेजा जेल

**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोरा टोली बनारी गांव की एक शादीशुदा महिला ने गांव के ही 40 वर्षीय मदन महतो के द्वारा जंगल में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए बिशुनपुर थाना में प्राथमिक के दर्ज कराई इधर पुलिस के द्वारा तत्काल टीम का गठन कर आरोपी को धर दबोचा गया साथ ही पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के संबंध में पीड़ित महिला ने बताया कि गांव के ही एक अन्य महिला के साथ मैं पांच पांडव जंगल की तरफ बकरी चराने गई हुई थी जहां अचानक हाथ में चाकू लिए मदन महतो आ धमका और मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा मेरे विरोध करने पर उसने गाला में चाकू सटाते हुए मुझे जबरदस्ती करने का प्रयास किया। इस दौरान मेरे द्वारा बचाव के लिए हल्ला किया गया इसके बाद वह मुझे छोड़कर भाग गया इस घटनाक्रम में मुझे चोट भी लगी। इधर गांव पहुंचकर मैं घटनाक्रम परिजनों को बताई जिसके उपरांत आरोपी के खिलाफ बिशुनपुर थाना में प्राथमिक दर्ज कराया। गांव में हो रहे चर्चा की माने तो आरोपी के द्वारा पूर्व में भी ऐसा हरकत अन्य महिलाओं के साथ किया गया है। पीड़िता व आरोपी दोनों शादीशुदा है

## पशु तस्कर को ग्रामीणों ने दबोचा, किया पुलिस के हवाले, 12 पशु जब्त, एसपी ने दी जानकारी

**कामडरा (आजाद सिपाही)।** कामडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप से 12 गोवंश पशु सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। बताया कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकरा रेलवे क्रासिंग के समीप गुरुवार की अहले सुबह ग्रामीणों द्वारा एक पशु तस्कर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गुरुवार की अहले सुबह लगभग चार बजे सालेगुटू की ओर से एक व्यक्ति द्वारा तस्करी के लिए 12 गोवंशीय पशुओं को हांकते हुए ले जाया रहा था। इसकी खबर लगते ही आसपास के ग्रामीण एकजुट हुए और पशु तस्कर बाबूलाल साहु से पूछताछ की और पुलिस को सौंप दिया। जब्त पशुओं को जिम्मे नामा के आधार पर ग्रामीणों को सौंप दिया गया।

## देश के उज्ज्वल भविष्य हैं छात्र: सुशील टोप्पो



**बसिया (आजाद सिपाही)।** संत जोसेफ इंटर कॉलेज कोनबीर नवाटोली में अभिभावक मीटिंग सह रिजल्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल ब्रदर सुशील टोप्पो के द्वारा सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस मौके पर वाईस प्रिंसिपल ब्रदर फुलजेम्स बाड़ा द्वारा बच्चों के अनुशासित ढंग से रहकर पढ़ने और एक बेहतर जीवन व्यतीत करने के संबंध में कहा। इस मौके पर संत जोसेफ इंटर कॉलेज के सभी शिक्षकगण अभिभावक और उर्तीण छात्र उपस्थित थे।

## पालकोट में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र पालकोट परिसर में शुक्रवार को एक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पालकोट वीडियो मनीष कुमार व सांसद प्रतिनिधि ने दिप प्रज्जवलित कर किया, इस शिविर मे नेत्र जांच, बीपी रक्त, जांच सुगर, किशोर सबंधी रोग सहित कई स्टाल लगाया गया था इस स्वास्थ शिविर में सैकड़ों मरीजो ने कई स्टालों में अपना इलाज करवाया और मुफ्त में दवाई प्राप्त किया, मोके पर पालकोट बीडीओ डॉ मनीष कुमार ने कहा कि इस तरह के स्टाल में लोगो को आना चाहिये और इसका भरपूर लाभ लेना चाहिए क्योंकि एक साथ इतने डक्टर एक साथ कभी कभी ही बैठाते है। मोके पर उपस्थित रहे सामान्य चिकित्सक डॉ नरेंद्र कुमार, अमित कुमार सहिया साथी मौजूद थे।

## मनरेगा ने लोकपाल संचालित योजनाओं को लेकर की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मनरेगा लोकपाल गुमला शहनवाज शेख ने बैठक कर चैनपुर प्रखंड में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। वहीं उपस्थित मनरेगा कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा की और कहा कि जितने भी योजनाएं ओन गोविंग है उसका रिकार्ड अप टू डेट रखे। वहीं कार्यस्थल पर मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मजदूरों का भुगतान सही समय पर हो इसपर भी विशेष ध्यान दें सभी पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि जितनी भी योजनाएं लंबित है उसे हर हाल में समय पर पूरा करें। और जितने भी योजनाएं ओन गोविंग है उसका पूरा रिकॉर्ड तैयार कर योजना को समय पर पूरा करें। वहीं कार्य में कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी इसका सभी लोग ध्यान रखें। वहीं बैठक के बाद मनरेगा लोकपाल के द्वारा मालम पंचायत में आम बगवानी, टीसीबी सहित कई योजनाओ का निरीक्षण किया गया।

## मिन्हाज खान पर लगा एसटीएससी केस को अदालत ने किया खारिज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** समाज सेवी मिनहाज खान ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा उन की याचिका को स्वीकार करते हुए कृष्णा राम के द्वारा किये गये एसटी एस सी का मुकदमा को निरस्त करने का आदेश निर्गत किया। मो मिन्हाज खान ने आगे कहा कि पूर्व वार्ड पार्षद स्व कृष्णा राम जो अपने तीसरे पुत्र को छिपाकर नगर चुनाव 2018 का चुनाव लड़ा था, जो नगर चुनाव अधिनियम के विरुद्ध था। जिसकी सदस्यता रद्द कराने के लिए मिनहाज खान ने नगर सचिव झारखण्ड सरकार केसमक्ष सदस्यता रद्द कराने लिए वाद दाखिल किया था और मिनहाज खान की शिकायत को सही पाते हुए पूर्व पार्षद कृष्णा राम की सदस्यता रद्द कर दी गयी थी। जिससे क्षुब्ध होकर बदले की भावना से पूर्व पार्षद के द्वारा मिनहाज खान के विरुद्ध झूठा आरोप लगाकर एसटी एस सी का दफा में जातिसूचक अपराध का आरोप लगाकर जिला एवम सत्र न्यायाधीश प्रथम गुमला के न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया था जिसके उपरांत न्यायालय के द्वारा संज्ञान लिया गया था। इस संज्ञान के विरुद्ध मिनहाज खान ने माननीय उच्च न्यायालय में मुकदमा को रद्द कराने के लिए वाद दाखिल किया था। पूर्व वार्ड पार्षद की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी नप कर्मचारी श्रीमती फुलमनी देवी माननीय उच्च न्यायालय में पार्टी बनी थीं। जिसकी तरफ से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सलाहुद्दीन अंसारी थे। दोनों तरफ का पक्ष सुनने के बाद माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा मिनहाज खान की याचिका को स्वीकार करते हुए कृष्णा राम के द्वारा किये गये एसटी एस सी का मुकदमा को निरस्त करने का आदेश निर्गत किया । इस पर मिनहाज खान ने कहा कि न्यायालय में उसे पूर्ण विश्वास था और आज सच की जीत हुई है ।

## सीओ और कंप्यूटर ऑपरेटरों को मिलेगी सरकारी पोर्टल की विस्तृत जानकारी

# राजस्व कार्य से वंचित होंगे पाटन के अंचल अधिकारी, आयुक्त ने दिया निर्देश

- आयुक्त ने पाटन अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण
- इस संबंध में कार्यशाला का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते आयुक्त मनोज जायसवाल।

**मेदिनीनगर।** आयुक्त मनोज जायसवाल ने शुक्रवार को पाटन अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि सीओ का कार्यकाल एवं कार्यालय कर्मियों पर नियंत्रण नहीं है। आयुक्त ने दाखिल खारिज से संबंधित मामलों की बारिकी से जांच की। इसमें पाया कि किसी वैध कारण नहीं होने के बावजूद दाखिल खारिज से संबंधित वादों को निरस्त कर दिया गया है। वहीं, आवेदन बाद में स्वीकृत किया हुआ पाया गया। इसपर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पाया कि सीओ द्वारा कई मामलों में जानबूझकर गलत तरीके से किसी राजस्व उपनिरीक्षक अथवा अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन पर बिना अनुशंसा प्राप्त किये और संबंधित दस्तावेज को बिना देखें ऑनलाइन डिमांड खोल दिया गया है। जिले के वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद वे डिलीट भी कर दिये हैं। आयुक्त ने कहा कि बिना किसी आधार एवं जांच-पड़ताल के जमाबंदी खोलना, सीओ के मनमानी एवं स्वच्छाचारिता का परिचायक है। उनके इस कृत से ग्रामीणों के बीच बेवजह भूमि विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। जिस कारण किसी अप्रिय घटना घटने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सीओ से राजस्व संबंधी कार्य कराया जाना अराजकता जैसी स्थिति उत्पन्न करने जैसा होगा। आयुक्त ने कार्य हित को ध्यान में रखते हुए पलामू डीसी को पाटन के सीओ को राजस्व संबंधित कार्य करने से वंचित करने, वर्तमान सीओ से स्थापना एवं रूटीन कार्य कराये जाने एवं जिला से किसी दंडाधिकारी अथवा सक्षम पदाधिकारी को पाटन अंचल कार्यालय में कम से कम दो से तीन दिन साप्ताहिक प्रतिनियुक्त कर वहां से संबंधित राजस्व कार्य कराये जाने का निदेश दिया है।

आयुक्त ने सभी सरकारी पोर्टल के संबंध में जिले के सभी सीओ एवं संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण देने का निर्देश पलामू डीसी को दिया है, ताकि सरकारी कार्यों का तत्परता से निष्पादन हो और इससे संबंधित लाभुकों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने अपर समाहर्ता, पलामू को पाटन अंचल कार्यालय से संबंधित नीलाम पत्र वादों एवं अतिक्रमणवादों की समीक्षा कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया। आयुक्त ने पाटन अंचल के सीआई उमेश्वर यादव को पंडवा में प्रतिनियुक्ति किए जाने को लेकर उनसे कार्य अवधि में कम से कम तीन दिन सप्ताहिक पाटन अंचल का कार्य निष्पादित कराने एवं अन्य शेष दिन पंडवा में संबंधित कार्य निष्पादित कराने का निदेश दिया। आयुक्त ने अंचल कार्यालय के फील्ड स्टॉफ सहित सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का सख्त निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्यालय के विभिन्न पंजियों और कर्मियों के कार्य आवंटन की भी जांच की।

अंचल कार्यालय में विभिन्न कार्यों को कराने पहुंचे आमलोगों से आयुक्त ने सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को जाना और उसे तत्काल निराकरण का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी थे।

# नकली शराब बेचने और एमआरपी से अधिक राशि वसूलने वालों पर करें कार्रवाई : रामचंद्र

पलामू पहुंची विधानसभा की सदाचार समिति, विभिन्न विभागों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने शुक्रवार को पलामू जिले का दौरा किया। सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ स्थानीय सर्किट हाउस में डीडीसी सहित जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने जिले के विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, आपूर्ति, भवन, कल्याण, शिक्षा, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विशेष प्रमंडल,पथ निर्माण, सहकारिता, कृषि, पशुपालन, उत्पाद, निबंधन, जिला योजना आदि विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों में अनुकंपा आधारित नियुक्तियों की लंबित मामलों की जानकारी ली और लंबित सभी मामलों का शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने उत्पाद विभाग से नकली शराब और शराब की एमआरपी से ज्यादा मूल्य लेने के मामले जानकारी ली और सबंधित पदाधिकारी को मामले की जांच करने और नकली शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, पशुपालन पदाधिकारी से पशुओं में फैल रहे लंपी वायरस के मामलों की जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी मांगी, जिस पर समाज कल्याण पदाधिकारी ने जिले में चल रहे आंगनबाड़ी और आंगनबाड़ी में रिक्त पदों की जानकारी दी। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और मुख्यमंत्री लाडली योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी दी। इसी तरह सदाचार समिति के अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी ली। वहीं बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सभी विभागों के तहत हो रहे कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश सभी विभागों के पदाधिकारी को दिया।

# अधिकारी क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें और समय पर काम पूरा करवायें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। डीसी ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। वहीं उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

### मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने आवश्यकतानुसार विद्यालयों व सरकारी कार्यालयों तक पहुंच पथ के लिए पीसीसी निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावे डीसी ने डीपीओ को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए दो एम्बुलेंस जिसमें एक एम्बुलेंस विशेष रूप से ईएनटी के लिये रहे, क्रय करने की बात कही। साथ ही पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा के आलोक में पांच हाई मास्क लाइट की खरीदी करने के भी निर्देश दिये। वहीं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केज का क्रय करने की भी बात कही। जलाशय में सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन के विषय पर भी चर्चा करने के उपरांत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, मत्स्य पदाधिकारी विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# विनोद सिंह ने की बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से पार्टी के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह ने उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन के विस्तार के साथ ही आगामी संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा में होने वाले संकल्प यात्रा इस माह के अंत तक होगा। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को आश्वस्त किया कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा में संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगा।

# समय अवधि समाप्त होने के बाद भी कोयला परिवहन करते जब्त हुआ ट्रक

- डीएमओ ने अवैध रूप से खनिज परिवहनकर्ता के खिलाफ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के पास दायर किया परिवाद
- क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसडीओ ने पकड़ा था 30 टन कोयला लदा ट्रक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समय अवधी समाप्त होने के बावजूद अवैध रूप से कोयले का परिवहन करने वाले ट्रक मालिक के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के पास शुक्रवार को परिवाद दायर किया एवं वाहन मालिक पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का अनुरोध किया है। डीएमओ ने दायर परिवाद के माध्यम से बताया है कि अवैध खनिजों के परिवहन से सरकार के राजस्व की हानी होती है।

## एसडीओ ने अवैध रूप से ले जा रहे कोलया समेत ट्रक को किया था जब्त



सदर एसडीओ द्वारा गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रेड़मा चौक के पास ट्रक संख्या जेएच 02 एएक्स 5541 में 30 टन कोयला ले जाते पकड़ा एवं जांच के लिए कोयला समेत ट्रक को जब्त कर थाने को सौंप दिया। लगे हाथ जिला खनन पदाधिकारी को इसकी सूचना देते हुए जांच करने का निर्देश दिया। जिसके उपरांत जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार टीओपी-2 में पहुंच कर जेम्स पोर्टल पर जांच किया तो पाया कि 13 सिंतबर समय 12.39 तक ही है। कोयले का परिवहन पूर्ण रूप से अवैध है। जिसके बाद डीएमओ की ओर से खनिज परिवहनकर्ता के विरूद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के पास परिवाद दायर किया गया।

# विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में 91 लाख की लागत से बनेगा मार्केट कॉम्पलेक्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के डाक बंगला परिसर में 91 लाख की लागत से मार्केट कॉम्पलेक्स बनेगा। जिसका शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी व जिला पार्षद विजय रविदास ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया। प्रतिमा कुमारी ने कहा कि इस मार्केट कॉम्पलेक्स के बन जाने से विश्रामपुर के युवाओं को व्यवसाय का एक सुनहरा मौका मिलेगा। जिसका श्रेय स्थानीय जिला पार्षद विजय रविदास को जाता है। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि विश्रामपुर प्रखंड का पूर्ण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है। यहां के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु इस मार्केट कैंपलेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मार्केट कॉम्पलेक्स में 25 व्यावसायिक कमरे का निर्माण होगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी, किशोर कुमार, संवेदक चंचल मिश्रा, सोनू दूबे आदि थे।



## स्पोर्ट्स



चीन के हांगझू में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रहे एशियाइ खेल 2023 में किट-किस के 14 एथलिय भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एथलीट न केवल किट और किस की, बल्कि पूरे ओड़िशा की शान हैं : डॉ सामंत

# एशियाई खेल 2023 में किट-किस के 14 खिलाड़ी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** चीन के हांगझू में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक आयोजित होने जा रहे एशियाई खेल 2023 में कीट-कीस के 14 एथलेट भारत का प्रतिनिधित्व करेंगें। भारत में यह पहली बार है कि देश के एक ही शैक्षणिक संस्थान से इतने सारे खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में भाग लिया है। शुक्रवार को किट में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में किट स्पोर्ट्स के महानिदेशक डॉ गगनेंदु दास ने इसी जानकारी दी। बताया कि किट की छात्रा सीए भवानी देवी तलवारबाजी (महिला) वर्ग में व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पधाओं में भाग लेने जा रही हैं, जबकि भारतीय हॉकी टीम में अमित रोहिदास भाग ले रहे हैं। तैराकी में किट-किस के छात्र सज्जन प्रकाश, रोइंग (महिला) वर्ग में अंसिका भारती भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इसी तरह प्रियंका ने एथलेटिक 20 किमी रेस वॉक (महिला) स्पर्धा में और संदीप कुमार ने 20 किमी रेस वॉक (पुरुष) वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है। किशोर कुमार जेना और तेजिंदरपाल सिंह तूर भाला फेंक और गोला फेंक में प्रतिनिधित्व करेंगे। यह गौरव की बात है कि भारतीय महिला रगबी टीम में किस की चार छात्रा डुमुनी मरांडी, तरुलता नाइक, मामा नाइक और हूपी माझी शामिल हैं। डिकैथलॉन के 200 मीटर दौड़ के लिए तेजस्वी शंकर और अमलान बोरघाऊ को चुना गया है। इस अवसर पर डॉ दास ने कहा कि, खेल के विकास के लिए किट-किस की ओर से संस्थापक डॉ अच्युत सामंत खिलाड़ियों को वर्ष के दौरान सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के साथ आर्थिक रूप से भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। वही, एशियाई खेलों के लिए चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए किट-किस के संस्थापक डॉ सामंत ने कहा कि ये एथलीट न केवल कीट और किस की शान हैं, बल्कि पूरे ओड़िशा की शान हैं। उन्होंने कहा कि किट और किस ओडिशा को स्पोर्ट्स हब बनाने में भी शामिल हैं। उन्होंने ओड़िशा में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के काम की सराहना की और इसके लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद दिया। डॉ सामंत ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले ओड़िशा के खिलाड़ियों के लिए आर्थिक पुरस्कार की घोषणा की है, जिसमें किट और किस के 7 खिलाड़ी हैं। खेल और खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री पटनायक के प्रेम और प्रतिबद्धता के कारण, ओडिशा ने आज विश्व खेल मानचित्र पर एक विशेष स्थान बनाया है। डॉ सामंत ने खेल, खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और भारत में एक अच्छे खेल माहौल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की।

## बीडइओ ने काटी बीआरसी के नौ कर्मियों की हाजिरी

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र का 11 प्रखंड संसाधन केंद्रों के प्रभारी शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह एरिया ऑफिसर रामनरेश राम ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रात्रि प्रहरी सह आदेशपाल मृत्युंजय राम और जेइ को छोड़ बीपीएम, बीआरजी, बीआरपी सहित नौ कर्मियों की उपस्थिति पंजी में ही हाजरी काट दिया। इस संबंध में शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि बीआरसी कार्यालय में विशेष कार्य को लेकर आया था। पर कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं थे। ना ही हाजरी बनी थी। उन्होंने बताया कि बीपीएम रेखा कुमारी, लेखापाल कमलेश कुमार गुप्ता, बीआरपी अनुज मिश्रा, सुनील कुमार पटेल, बीआरजी अतुल प्रसाद, एमडीएम ऑपरेटर अमरजीत कुमार पटेल, एमआईएस संतोष कुमार प्रजापति, डाटा इंट्री ऑपरेटर मणि कुमार, रिशोर्ट शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार सहित नौ कर्मियों की हाजरी काटी गयी है।

## भाजपा नेता ने हाईमास्ट लाइट की रखी आधारशिला

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। चतरा सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से भाजपा नेता अमरनाथ गुप्ता ने पांकी के जरही चौक में सांसद मद से लगने वाले हाईमास्ट लाईट की आधारशिला रखी। कहा कि पांकी विस क्षेत्र के हर चौक चौराहे को जगमग किया जाएगा। सभी जगहों पर रात में प्रकाश की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लोहरसी, नौडीहा बहेरा, पांकी बाजार में भी हाईमास्ट लाईट की आधारशिला रखी गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्वास्थ्य मेले में पहुंच कर ग्रामीण उठायें लाभ : विधायक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने को लेकर प्रखंड और पंचायत कमेटियों को व्यापक प्रचार प्रसार करने व मेला में सहयोग करने की सलाह दी है। जिससे हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि 17 सिंतबर को स्टेट बैंक के पास उच्च विद्यालय के प्रांगण में (मोहमदगंज), 19 सितंबर को पहाड़ के पास करीमनडीह ग्राम, (हैदरनगर), 20 सितंबर को पंचायत सचिवालय महुदंड (हुसैनाबाद) में सुबह 10 बजे से स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। बताया कि मेला में विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा इलाज किया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों को आह्वान किया कि वह स्वास्थ्य मेला में पहुंच कर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाएं।

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगा स्वास्थ्य मेला, 60 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज प्रखंड के अररुआ खुर्द के मीडिल स्कूल परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि सभी रोगो का ऑन स्पॉट के साथ इलाज के लिए सरकार के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। इस स्वास्थ्य मेला में सभी रोग का निःशुल्क जांच एवं दवा भी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले आयुष्मान कार्ड के तहत सरकार एक राशन कार्ड में एक परिवार के पांच लाख तक मुफ्त सरकार खर्च उठाती थी। लेकिन आज एक राशन कार्ड में जितने लोगों का नाम होगा सभी का आयुष्मान गोल्डन कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है और सभी को 5 लाख तक निःशुल्क इलाज होगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा ने स्वास्थ्य मेले की सराहना की और अधिक से अधिक लोगों को मेला का लाभ उठाने की बात कही। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुशवाहा ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में 220 मरीजों को इलाज किया गया और 60 लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस मौके पर डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ ओमप्रकाश सिंह, डॉ सत्यम सौरभ, बीपीएम संजय कुमार सिंह, परामर्शी मो इस्लाम अंसारी, बीटीटी कृष्ण मुरारी मिश्रा, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, सोनू कुमार, योग शिक्षक राजीव कुमार, योग शिक्षिका शोभा देवी, महिला प्रवेक्षिका सुमित्रा कुमारी के अलावे हिलिंग फिल्ड फाउंडेशन के एमटी प्रितम सिन्हा, एफसी ममता देवी समेत सहिया भी मौजूद थी।

## कार्रवाई : धीरज हत्याकांड का उद्भेदन, डीएसपी ने दी जानकारी

# अवैध संबंधों के चलते हुई थी धीरज की हत्या

**बार-बार मना करने के बाद भी बहन से रिश्ता खत्म नहीं करने से नाराज होकर मारी थी गोली, गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बरोरा के अपर मंदरा बस्ती में विगत बुधवार को गोली मारकर धीरज रवानी नामक युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए उद्भेदन कर लिया है। अपनी बहन से धीरज के अवैध संबंध होने से नाराज होकर ही टिंकू ठाकुर ने उसकी (धीरज) की हत्या की थी। इस बाबत बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धीरज और टिंकू ठाकुर की बहन के बीच अवैध संबंध थे। इस बात की जानकारी टिंकू को वारदात से 15 दिन पहले ही हुई थी। जब टिंकू को इस मामले की जानकारी हुई तो वह बहुत क्रोधित हुआ। इसके बाद धीरज और टिंकू के बीच बैठक भी हुई थी। पर धीरज नहीं माना और घटना वाले दिन भी टिंकू की बहन से मिलने उसके घर गया था। इसी बात से नाराज टिंकू ने धीरज को गोली मार दी। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि टिंकू और धीरज दोनों अपर मंदरा के मुखिया पति शंकर बेलदार के यहां काम करते थे।


पत्रकारों को घटना की जानकारी देती बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू व अन्य।

### क्या है पूरा मामला

बुधवार को बरोरा थाना अंतर्गत अपर मंदरा निवासी धीरज रवानी की वहीं के टिंकू ठाकुर ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग करते हुए पुलिस को शव उठाने से रोक दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर हत्यारोपी टिंकू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया था। पर हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका था। मृतक अपर मंदरा मुखिया पति शंकर बेलदार का चालक था। बाद में शंकर द्वारा मृतक की पत्नी को तीन लाख रुपया बतौर मुआवजा देने की बात कही गयी थी। वहीं पुलिस ने मृतक की पत्नी बेबी देवी की लिखित शिकायत के बाद हत्या का मामला दर्ज करते हुए कांड संख्या 57/23 भा०द०वि की धारा 302 एंव 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विधायक ढुल्लू महतो की मां को दी श्रद्धांजलि



**महुदा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की मां स्वर्गीय रुकवा महताईन के निधन पर शोक जताया। रुकवा महताईन का बीते मंगलवार को ईलाज के दौरान निधन हो गया था। रघुवर दास चिटाही स्थित विधायक ढुल्लू महतो के आवास पर पहुंचे और स्व रुकवा महताईन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि माता के देवलोकगमन के शोक को कम तो नहीं किया जा सकता, लेकिन उसे हम आपस में बांट जरूर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। पूर्व सीएम ने कहा कि स्व. रुकवा महताईन धार्मिक एवं सामाजिक प्रवृति की महिला थीं। वह अपनी मिलनसारिता के लिए भी गांव में पहचान रखती थी।

## कसमार में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**कसमार (आजाद सिपाही)।** कसमार थाना अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत के ग्राम रघुनाथपुर में बुटिटांड़ निवासी धीरेन महतो (32) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को धीरेन का शव तालाब से बरामद हुआ। लोगों की मानें तो युवक सीधा साधा था, जो गृह निर्माण में सेंट्रिंग का काम करता था। वहीं, कसमार थाना प्रभारी उज्ज्वल पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तालाब में डूबने की वजह से मौत होना प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है।

## हर अपराध करनेवालों को मिलेगी उसके किये की सजा : एसएसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी संजीव कुमार ने शुक्रवार को जिले के सभी डीएसपी व थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग कर अपराध की समीक्षा की। इसके बाद एसएसपी ने पत्रकारों को बताया कि यह प्रति माह होने वाली समीक्षा बैठक थी। अब त्योहारों का मौसम आ रहा है इसे लेकर बैठक में खास दिशा निर्देश दिए गए हैं। घरों में चोरी व गाड़ी चोरी की घटना पर रोक लगाने के साथ कुछ चिन्हित अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे तीन और पांच वर्ष पुराने मामलों के साथ हाल के ऑर्गेनाइज क्राइम का भी रिव्यू किया गया है। बाकी के बचे अपराधियों पर कार्रवाई के अलावे किन-किन अपराधियों पर सीसीए लगाना है इस पर भी चर्चा की गई है। जिले में व्यवसायियों को भयभीत करने के लिए लगातार हो रही फायरिंग की घटना पर एसएसपी ने कहा कि जितने भी घटनाएं घटी हैं सभी मामलों में अपराधियों को पकड़ा गया है। ऐसी कोई भी अपराधी नहीं बचेगा। कोई किसी को भी डरा धमका नहीं सकता है। हर अपराधी हमारी नजर में है। उसको किये की सजा जरूर मिलेगी। मीटिंग में सिटी एसपी अजित कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा, डीएसपी मुख्यालय 1 अमर पांडेय सहित जिले के सभी डीएसपी और थानेदार मौजूद थे।

## सैंफोर्ड इंटरनेशनल अकादमी में 16वीं झारखंड राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन शामिल हुए विधायक कुमार जयमंगल

**जरीडीह (आजाद सिपाही)।** बांधडीह स्थित सैंफोर्ड इंटरनेशनल अकादमी में बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 16वीं झारखंड राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन शुक्रवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह भी शामिल हुए। झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कुमार जयमंगल सिंह, बोकारो एसपी प्रियदर्शी अलोक, चास एसडीओ दिलीप सिंह शेखावत, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव आनंद बिहारी दूबे, डालमिया सीमेंट बोकारो के दिलीप सिन्हा, अध्यक्ष बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन मंजूर अंसारी, सचिव बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन सह अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह, आयोजन समिति के सचिव सह संस्था के जकी अर्फिन, उपाध्यक्ष बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन अजय सिंह, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या सोनल शुक्ला और स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर दूसरे दिन के आयोजन की शुरूआत की। इस दिन पूर्वी सिंहभूम व देवघर के प्रतिभागी खिलाड़ी के बीच खेल का आगाज हुआ, जिसमें निखिल भुईया विजयी हुए। वहीं अनूप पांडेय बोकारो ने संजू धनबाद को, रांची की रजनी ने रामगढ़ की लक्ष्मी को, धनबाद की स्नेहा ने बोकारो की ईशा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## जागरूकता: झरिया विधायक ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

# आम जनता के बीच पहुंचने की सरकार की है कोशिश : पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सीएचसी चासनाला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने किया। स्वास्थ्य मेले में डेंगू, मलेरिया, बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, टीवी, एचआईवी, कुष्ठ रोगो की जांच, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। इसके अलावा रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर दिन यही प्रयास किया जा रहा है कि जनता के बीच पहुंचे। पूर्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण किया गया। नगर निगम में भी कई समस्याएं आती हैं जिन्हें दूर किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य मेला का अयोजन किया जा रहा है।



विधायक ने आम नागरिकों से आग्रह किया कि अगर स्वास्थ्य से संबंधित कोई शिकायत है तो वर्तमान में जगह-जगह डेंगू, और मलेरिया का कैंप लग रहा है इसका लाभ लें। राज्य सरकार द्वारा एलाइजा टेस्ट के लिए स्वास्थ्य केंद्रों और एसएनएमएमसीएच किट उप्लब्ध कराया गया है। इस दौरान एसडीएम उदय रजक, सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रताप धनबाद, चासनाला सीएचसी प्रभारी चिकित्सा प्रभारी मिहिर कुमार, डॉ अनुष्का सिंह, डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ संध्या कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग के टेक्नीशियन व पदाधिकारी, सहिया उपस्थित थीं।


भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, गुमला

दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला– 22 सितम्बर 2023
रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला द्वारा दिनांक–22.09.2023 (शुक्रवार) के पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान :– Government ITI सी0आर0पी0एफ0 कैम्प सिलम तिर्रा कार्यालय गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Tata Motors | Machine Operator | 250 | 12th pass , ITI , Diploma ( Passing marks 40% Female and 50% Male) | | - | 18-23 Years | 12036/- to 15800/- Per Month | Jamshedpur, Jharkhand, Pune, Maharashtra, Pantnagar uttarakhand , Sanand Gujarat. |
| 2 | LIC Of India Branch Gumla | LIC Agency as a Career | 30 | 10th Pass (Male and Female Both) | | | Min 18 Years and Above | Commission Basis | Gumla Jharkhand. |
| | | Agency LIC | 30 | 10th Pass (Male and Female Both) | | - | Min 18 Years and Above | Commission Basis | Gumla Jharkhand. |
| 3 | Gramin Utthan Samiti Kamdara Gumla | Mobile Repairing Hardware Technician Trainer | 02 | Diploma, B. Tech, ITI Pass Out. | | 2year | 18-35 | 15000/- to 20000/- Per Month | Kamdara, Gumla Jharkhand. |
| 4 | Ranchi Security (p) LTD Gumla | Field officer / Mobilize | 50 | 10th Pass & Above | | 1year | 18 above | 15000/- Per Month | Gumla and Nearby District |
| 5 | G4S | Security Guard | 500 | 10th pass (Male and Female Both) | Height For Male 5'.5" For Female 5'.0" | - | 18-40 | 14000/- to 20000/- Per Month | Hyderabad, Noida. Gurgaon, Gujrat . |
| 6 | A.K engineering pvt limited Ashian chowk Rajangaon MIDC Pune | Trainee Operator | 50 | 10th 12th , Graduate | - | - | 18-35 | 18000/- 12hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | | Apprenticeship Trainee, | | ITI - (Welder, sheet metal, painter, Fitter, Machinist ,electronics, Diesel Mechanical) | - | | | 13,500 /- 8hr Per Month 20,244 /- 12 hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | | Trainee Operator | | Diploma Mechanical, production, electrical) | | | | 14,500/- 8hr Per Month 21,731 /- 12hr Per Month | |
| | | Trainee Engineer | | B.E & B. tech ( Mechanical, production, automobile, electrical) | - | | | 15,500/- 8hr Per Month 23,245/- 12hr Per Month | |
| | Ajay polymer pvt. limited shirur Pune MIDC | Apprenticeship/ Trainee Operator | 50 | 10th ,12th ,ITI | - | | 18-35 | 11500/- 8 hr Per Month 18,000/- 12hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | SIAC-SKH India Cabs manufacturing PVT. LTD Pune MIDC | Apprenticeship/ Trainee Operator | 50 | 10th ,12th, ITI welder, Machinist, Turner | - | | 18-35 | 16000/- 8hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | Mahindra & Mahindra Limited, | Trainee Operator ( Only Female) | 50 | 10th ,12th ,ITI , Graduates(BA/BCOM /BSC) | | | 18-28 | 14,000 to 15,000 per month. | Pune, Maharashtra |
| 7 | Finolex industries Ltd | Apprenticeship/ Trainee Operator | 50 | 10th,12th,any ITI | | | 18-35 | 20500/- to 21700/- 12 hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | Velengi connectivity pvt.limited ( Electrical campnay ) Pune | Apprenticeship/ Trainee. Operator ( Male/ Female) | 50 | 10th,12th,- | | | 18-35 | 12532/- 10 hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | | | | ITI | | | | 14352/- 10 hr Per Month | |
| | | | | Diploma | | | | 16848/-10 hr Per Month | |
| | Endurance Technology Limited Waluj MIDC Aurangabad | Apprenticeship/ Trainee Operator, Trainee Engineer ( Male/ Female) | 50 | Diploma Mechanical, automobile, production, B.E Mechanical, ITI Any Trade( Male/ Female) | | | 18-35 | ITI- 13000/- 8 hr Per Month Diploma - 14000/- Per Month B.E - 15200/- Per Month | Aurangabad, Maharashtra |
| | AE- CIE automotive ltd Aurangabad | Apprenticeship Trainee, Trainee Operator, Trainee Engineer | 50 | 10th,12th, | | | 18-35 | 13000/- 26 day | Aurangabad, Maharashtra\ |
| | | | | Any ITI, | | | | 14000/- 26days | |
| | | | | Diploma | | | | 14500/-26 days | |
| | | | | B.E, B.Tech | | | | 15500/- 26days | |
| 8 | Rucha Engineers Pvt. limited. waluj MIDC, Aurangabad Maharashtra | Apprenticeship/ Trainee Operator | 50 | ITI Any Trade ( welder /sheet metal /gas welder/ tin welder/ Fitter/ Machinist/Fitter/Electrician/) | | | 18-35 | 18000/-12hr For 26 days | Aurangabad, Maharashtra |
| | Bajaj Electrical limited Chakan MIDC pune | Apprenticeship/ Trainee Operator, Trainee Engineer | 50 | 10th,12th, ITI. | | | 18-35 | 13000/- 8 hr Per Month 19500/- 12 hr Per Month | Pune, Maharashtra |
| | | | | Diploma, Graduate | | | | 21000/- 12 hr Per Month | |
| | | | | BE, B.Tech | | | | 22000/- Per Month | |
| | JBM Auto limited all plant in pune & Aurangabad | Apprenticeship/ Trainee Operator | 50 | ITI,( Fitter, Turner, Machinist, Grinder) | | | 18-35 | 13600/- 8hr Per Month | Pune & Aurangabad, Maharashtra |
| | Dynamic transmission limited sambhaji waluj Aurangabad | Apprenticeship/ Trainee Operator | 50 | ITI ( welder, electronics, wireman, Copa, tractor Mechanic, Fitter, Machinist, Grinder, Mechanic, Turner, civil, electrical, automobile, electrician, ) | | | 18-35 | 13852/- 8 hr- Per Month 20500/- 12 hr Per Month | Aurangabad, Maharashtra |
| 9 | Dixon Technology Private Limited Company | Machine Operator | 2000 | 10th Pass/ 12th Pass/ ITI/ Diploma Pass. ( Only Male) | - | | 18-30 | 15,000/- To 20,000/- (Per Month) | Noida sec-63, Uttar Pradesh. |
| 10 | VFS Capital Limited ECO Space Business Park Tower -48 4th floor room no-403 New town, Rajarhat kolkata 700160 | Customer Service Representative | 50 | 10th, 12th Pass ( Male and Female) | Minimum 0 to 6 months of Experience in Microfinance Industry | | 18-30 Years | 10210/- (Per Month) Gross Salary | Sisai (Gumla), Ranchi, Dumka, Deoghar, Pakur, Daltonganj, Garhwa, Ghatshila, Chandil. Jharkhand. |
| | | Sr. Customer Service Representative | 50 | 10th, 12th Pass ( Male and Female) | Minimum 1 to 2 Years of Experience in Microfinance Industry | | 18-30 Years | 12000/- (Per Month) Gross Salary | |

कम्पनी द्वारा दिये जाने वाले बेनिफिट्स :–
1) Tea, Breakfast, lunch- 50/- 2) Room rental-1000 /- Per head. 3) Certificate provided. 4) Bank Account. 5). Uniform chargeable- 600/-
6)Attractive salary with P.F& ESIC benefit. 7) Fuel/Incentive/Mobile Allowance. 8) Free Accommodation. 9) उपस्थिति पुरस्कार प्रति माह :– 2500/– + ओवरटाइम + डिनर और लंच फ्री।
10) नोट:– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Valid Driving Licence/ Learning Licence (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
11) किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 307055 (Labour Employment and Traning)23-24*D

## न्यूज रील्स

### श्रीनिवासन के स्वामी बने ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के चेयरमैन



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। श्रीनिवासन आरके स्वामी को साल 2023-24 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुर्लशन (एबीसी) का चेयरमैन चुना गया है। वे अभी एशियन फेडरेशन ऑफ एडवरटाइजिंग के अध्यक्ष हैं। साथ ही आरके स्वामी हंसा ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन भी हैं। पहले वह इंटरनेशनल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन, इंटरनेशनल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष जैसे पदों पर भी रहे हैं। उन्हें एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। मलयाला मनोरमा के मुख्य एसोसिएट संपादक और निदेशक परिषद में प्रकाशक सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले रियाद मैथ्यू को साल 2023-2024 के लिए ब्यूरो का डिप्टी चेयरमैन चुना गया है। कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मोहित जैन को ब्यूरो का सचिव चुना गया। वहीं, विक्रम सखुजा को ब्यूरो का कोषाध्यक्ष चुना गया है।

# अमृत लाल मीना ने एमसीएल का दौरा कर समीक्षा बैठक की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** अमृत लाल मीना, सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने अध्यक्ष, कोल इंडिया लिमिटेड, पीएम प्रसाद की उपस्थिति में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) मुख्यालय संबलपुर में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने कंपनी की उल्लेखनीय प्रगति और उपलब्धियों की सराहना की।




बैठक में एमसीएल के वरिष्ठ प्रबंधन, ओपी सिंह, सीएमडी, केशव राव, निदेशक (कार्मिक), पीके पटेल, सीवीओ, जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी/ऑपरेशन), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त)) और एएस बापट, निदेशक (तकनीकी/यो. एवं परि.) उपस्थित रहे। सचिव श्री मीना ने क्षेत्रवार उत्पादन और प्रेषण प्रदर्शन की समीक्षा की और उत्पादन और प्रेषण में लगातार वृद्धि के लिए एमसीएल टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कोयला परिवहन में बढोत्तरी के लिए नवीन रेल कॉरिडर के महत्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही उन्होंने भूमि संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा भी की।

## कोल इंडिया अध्यक्ष ने किया एमसीएल का दौरा



**भुवनेश्वर, संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पीएम प्रसाद, अध्यक्ष, कोल इंडिया ने ओडिशा के झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिलों में एमसीएल के बसुंधरा और महालक्ष्मी कोयलंचल क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने कुलदा और गर्जनबहाल ओपनकास्ट खदानों का निरीक्षण किया और प्रगतिरत परिचालन के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। श्री प्रसाद ने कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के लिए पुरस्कृत किया। पीएम प्रसाद ने महालक्ष्मी क्षेत्र अंतर्गत सियारमल ओपनकास्ट कोयला खदान और सरडेगा रेलवे साइडिंग का भी दौरा किया, जहां उन्होंने आगामी रैपिड लोडिंग सिस्टम की प्रगति की समीक्षा की, जो इस क्षेत्र में कोयला रसद में आमूल चूल परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

## पूर्व तट रेलवे में मनाया गया हिंदी दिवस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे ने अपने मुख्यालय भुवनेश्वर और अपने तीन डिवीजनों वाल्टेयर, खुर्दा रोड और संबलपुर में हिंदी दिवस मनाया है। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री मनोज शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों और अधिकारियों ने हिंदी को बढ़ावा देने की शपथ ली। हिंदी दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है, भारत में भाषाई समुदायों को एक साथ लाता है। यह हिंदी की संस्कृति और विरासत और हमारी संस्कृति में भाषा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता आलोक सहाय ने किया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा कटक का हिंदी दिवस समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कटक।** बैंक ऑफ बड़ौदा, कटक क्षेत्र द्वारा गुरुवार को हिंदी दिवस समारोह का क्षेत्रीय कार्यालय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगन्नाथ शर्मा, सहायक महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई का स्वागत, रणजीत कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, द्वारा पुष्पगुच्छ एवं उत्तरीय से स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर गृह मंत्रालय से प्राप्त गृहमंत्री अमित शाह के संदेश



के पठन एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, देवदत्त चंद के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर भी स्टाफ सदस्यों हेतु राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रतिभागिता की गयी। कार्यक्रम का समापन संग्राम जीपी बेहेरा उपक्षेत्रीय प्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

# एनइपी 2020 हमारी भाषाई संपदा के दोहन का मार्ग प्रशस्त करता है: प्रो चक्रधर त्रिपाठी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** हिंदी दिवस 2023 के स्मरणोत्सव के दौरान ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने भाषा और समाज के बीच गहरे संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा समाज की आधारशिला के रूप में कार्य करती है और भाषा उसका अमूल्य खजाना है। प्रो त्रिपाठी ने इस सामाजिक संपदा को अधिकतम करने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो त्रिपाठी ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय स्तर पर हिंदी शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि अविभाजित कोरापुट जिला, जो मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों द्वारा बसा हुआ है, शैक्षिक नामांकन के मामले में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करता है। इस समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय ने भविष्य में डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों की योजना के साथ, हिंदी भाषा में एक प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने दीक्षांत समारोहों के दौरान स्नातक प्रमाणपत्र प्रदान करने के विश्वविद्यालय के इरादे की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र के निवासियों को देश के विकास में अपने ज्ञान और कौशल का योगदान करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

हिंदी दिवस के अवसर पर ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने




14 सितंबर को अपने परिसर में एक मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच की शोभा प्रो एनसी पांडा, प्रभारी रजिस्ट्रार और वित्त अधिकारी सहित डॉ प्रशांत मेश्राम, परीक्षा नियंत्रक और डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी, अंग्रेजी भाषा और साहित्य विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर की उपस्थिति से हुई।

प्रोफेसर पांडा ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और हिंदी भाषा शिक्षा के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी न केवल भारत को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है, बल्कि विविध भाषाई पृष्ठभूमि वाले भारतीयों को एकरूपता के बैनर तले एकजुट भी करती है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के लगभग 38 देशों में हिंदी शिक्षा के लिए हिंदी विभाग मौजूद हैं, जो इन देशों के लोगों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का पता लगाने में सक्षम बनाता है। प्रो पांडा ने भाषा को और बढ़ावा देने के लिए सभी पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद करने की वकालत की।

डॉ प्रशांत मेश्राम ने हिंदी भाषा की ऐतिहासिक यात्रा और भारत की राजभाषा (आधिकारिक भाषा) में इसके विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत को स्वतंत्रता मिलने के दो साल बाद 14 सितंबर, 1949 को; हिंदी को आधिकारिक तौर पर राजभाषा घोषित किया गया। इसके बाद, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के तत्वावधान में 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। डॉ मेश्राम ने देश और विदेश में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा की गयी विभिन्न पहलों पर भी प्रकाश डाला।

डॉ निर्झरिणी त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय हिंदी भाषा शिक्षा केंद्र की स्थापना एवं गतिविधियों पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय और तीन पड़ोसी गांवों के छात्रों सहित लगभग 1066 छात्रों ने हिंदी भाषा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में दाखिला लिया है। डॉ त्रिपाठी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के महत्व पर जोर दिया। हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चक्रधर प्रधान ने कार्यक्रम का संचालन किया और हिंदी दिवस मनाने और हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हिंदी को सिर्फ एक भाषा के रूप में नहीं, बल्कि भावनाओं की अभिव्यक्ति, एक एकीकृत शक्ति के रूप में चित्रित किया, जो पूरे देश को बांधती है। कई अन्य प्रमुख हस्तियां, जिनमें एसोसिएट प्रोफेसर, उड़िया भाषा और साहित्य विभाग की प्रमुख डॉ रुद्राणी मोहंती; पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के कार्यवाहक प्रमुख डॉ सौरव गुप्ता; मानव विज्ञान विभाग के कार्यवाहक प्रमुख डॉ श्रीनिवास बी कोटनाक; डॉ फागुनाथ भोई, जनसंपर्क अधिकारी, प्रदीप कुमार सामंत्रे, कार्यवाहक सहायक रजिस्ट्रार। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार के अतिथि संकायाध्यक्ष तेलाराम मेहर ने भी भाषण दिया। कार्यक्रम में मनीषा, मोनालिसा, आदित्य, रचिता और शिवानी सहित छात्रों द्वारा लिखित हिंदी कविताओं का पाठ किया गया। इस उत्सव में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, अनुसंधान विद्वानों और छात्रों ने भाग लिया, जिनमें प्रोफेसर शरत कुमार पालिता, डीन, स्कूल ऑफ बायोडायवर्सिटी एंड कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज; डॉ कपिला खेमुंदु, एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी, समाजशास्त्र विभाग; डॉ आलोक बराल, सहायक प्रोफेसर, उड़िया विभाग, डॉ प्रदोष कुमार रथ, सहायक। प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार, डॉ देबब्रत पांडा, सहायक। प्रोफेसर, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, डॉ गणेश प्रसाद साहू, संकाय सदस्य। धन्यवाद ज्ञापन छात्रा सोनम साहू ने किया ।

## खोरधारोड मंडल ने हिंदी दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खोरधारोड।** समग्र देश में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने, इसके महत्व और प्रयोग के उद्देश्य से प्रति वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों के बीच हिंदी भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, खोरधा रोड मंडल ने हिंदी दिवस मनाया और 14 से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत की। एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि



हिंदी वह भाषा है, जो पूरे देश को जोड़ती है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को सलाह दी कि वे यथासंभव सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) ने सभी शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय रेल मंत्री द्वारा दिये गये संदेश से अवगत कराया। कार्यक्रम का समन्वयन खोरधा रोड मंडल की राजभाषा अधिकारी उषा रानी ने किया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**